Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 310 | मंगलवार, 11 नवंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

**दर्दनाक हादसा :**

- राष्ट्रीय राजधानी में लाल किले के पास खड़ी एक कार में सोमवार शाम जबरदस्त विस्फोट हुआ
- प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विस्फोट स्थल के पास शवों के अंग बिखरे हुए दिखाई दे रहे थे

# दिल्ली में कार धमाका, 10 की मौत

**नई दिल्ली।**

राष्ट्रीय राजधानी में लाल किले के पास खड़ी एक कार में सोमवार शाम जबरदस्त विस्फोट हुआ, जिसमें कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 24 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि भीड़भाड़ वाले इलाके में व्यस्त समय में हुए विस्फोट के कारण आसपास मौजूद कई वाहनों में आग लग गई, जबकि कई की खिड़कियों के शीशे टूट गए। उन्होंने बताया कि विस्फोट में घायल लोगों को लोक नायक जय प्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल ले जाया गया। चांदनी चौक व्यापारी संघ की ओर से साझा किए गए वीडियो में विस्फोट का भयावह मंजर देखा जा सकता है। एक अन्य वीडियो में सड़क पर एक शव पड़ा हुआ नजर आ रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विस्फोट स्थल के पास शवों के अंग बिखरे हुए दिखाई दे रहे थे। विस्फोट के बाद दिल्ली पुलिस ने पूरे शहर के लिए हाई अलर्ट जारी कर दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दिल्ली के लाल किला क्षेत्र के पास, गौरी शंकर और जैन मंदिरों के पास, शाम लगभग 6:52 बजे एक हुंडई 20 कार, जिसमें तीन लोग सवार थे, लाल बत्ती की ओर धीरे-धीरे बढ़ रही थी, तभी उसमें विस्फोट हो गया। इसमें दस लोगों की मौत हो गई और बीस से ज्यादा घायल हो गए। दिल्ली पुलिस प्रमुख सतीश गोलचा ने बताया, ₹आज शाम करीब 6.52 बजे एक धीमी गति से चल रहा वाहन लाल बत्ती पर रुका। उस वाहन में विस्फोट हुआ और विस्फोट के कारण आस-पास के वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। सूत्रों के अनुसार, यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि विस्फोटकों से लदी कार किसी भीड़-भाड़ वाली जगह की ओर जा रही थी और समय से पहले ही उसमें विस्फोट हो गया। यह विस्फोट उसी दिन हुआ जिस दिन एक अंतरराज्यीय आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ हुआ था और अमोनियम नाइट्रेट सहित 2,900 किलोग्राम बम बनाने वाले रसायन जब्त किए गए थे।

हालांकि, पुलिस सूत्रों का कहना है कि इस विस्फोट का हरियाणा के फरीदाबाद में डॉक्टरों के एक समूह से हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटकों के बड़े जखीरे की जब्ती से जुड़ी पहले की गिरफ्तारियों से कोई संबंध नहीं है।

**06** बजकर 45 मिनट के करीब हुआ कार धामाका

**35** मिनट के अंदर दमकल ने आग पर काबू पा लिया

### तीन लोगों को ले जा रही, आई 20 कार में विस्फोट

अधिकारियों ने बताया कि एक हुंडई 20 कार में विस्फोट हुआ, जिसमें तीन लोग सवार थे। विस्फोट वाहन के पिछले हिस्से में हुआ और घटनास्थल पर कोई गड्ढा नहीं मिला। अधिकारियों ने पुष्टि की कि घायलों या मृतकों में से किसी के शरीर में कीलें या तार नहीं धँसे थे और पीड़ितों पर जलने या झुलसने के कोई निशान नहीं थे।




### खतरनाक मंजर





## दिल्ली धमाके के बाद पीएम ने की समीक्षा कहा- पीड़ितों-परिजनों के प्रति संवेदना

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में लाल किले मेट्रो स्टेशन के पास कार धमाके की समीक्षा की है। उन्होंने अधिकारियों को घायलों के शीघ्र हरसंभव मदद के निर्देश दिए हैं। इसके साथ पीएम मोदी ने पीड़ितों और परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। दिल्ली में लाल किले के पास कार में हुए धमाके के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा - आज शाम दिल्ली में हुए विस्फोट में अपनों को खोने वालों के प्रति मेरी संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रभावित लोगों की सहायता अधिकारी कर रहे हैं।



## घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचे अमित शाह

**नई दिल्ली।**

गृह मंत्री शाह ने मामले की पूरी जानकारी दी थी। उन्होंने बताया कि आज शाम करीब सात बजे, दिल्ली में लाल किले के पास सुभाष मार्ग ट्रैफिक सिग्नल पर एक हुंड आई 20 कार में धमाका हुआ। इस विस्फोट में कुछ राहगीर घायल हुए और कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हुए। प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि कुछ लोगों की जान चली गई है। आगे उन्होंने कहा कि विस्फोट की सूचना मिलने के 10 मिनट के भीतर, दिल्ली क्राइम ब्रांच और दिल्ली स्पेशल ब्रांच की टीमें मौके पर पहुंच गईं। एनएसजी और एनआईए की टीमों ने एफएसएल के साथ मिलकर अब गहन जांच शुरू कर दी है। आस-पास के सभी सीसीटीवी कैमरों की जांच के आदेश दिए गए हैं।



## संपादक की कलम से

# पाक का संवैधानिक तानाशाह

सैयद असीम मुनीर अहमद शाह को पाकिस्तान का शहंशाह कहें अथवा संवैधानिक तानाशाह कहें या बेताज बादशाह कह लें, लेकिन वह ऐसे शख्स हैं, जो राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और सर्वोच्च अदालत से भी सुप्रीम हैं। दुनिया में ऐसा कोई दूसरा उदाहरण नहीं है। सैन्य शासक तानाशाह हो सकते हैं या उत्तरी कोरिया का तानाशाह किम जोंग उन है, लेकिन कोई देश जम्हूरियत (लोकतंत्र) का स्वांग भरे, चुनाव कराने का ढोंग किया जाए, वहां का सेना प्रमुख, अंतत:, मुल्क का शहंशाह बन जाए, यह विरला उदाहरण पाकिस्तान में ही सामने आया है। कठपुतली प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ शुक्र मना सकते हैं कि उनकी हुकूमत का तख्तापलट नहीं किया गया। अलबत्ता पाकिस्तान में कथित निर्वाचित सरकारों की हुकूमतें पलटी जाती रही हैं और सेना प्रमुख तानाशाह राष्ट्रपति बनते रहे हैं। अयूब खान, याा खान, जिया उल हक और परवेज मुशर्रफ सरीखे तानाशाहों ने पाकिस्तान पर हुकूमत की है, लेकिन उनके अंत बेहद त्रासद् और दयनीय रहे हैं। मौजूदा फील्ड मार्शल एवं सेना प्रमुख जनरल मुनीर इन तमाम तानाशाहों को पीछे छोड़ कर एक ऐसा उदाहरण बन चुके हैं, जो दुनिया में लोकतंत्र, संविधान, संसद, मानवाधिकार सरीखी व्यवस्थाओं और उनके नागरिक मूल्यों को चिढ़ा रहे हैं। उनका मखौल उड़ा रहे हैं। मुनीर खुद ही पाकिस्तान का नया तानाशाह नहीं बना। उन्होंने हुकूमत और संसद को विवश किया है। संसद और सीनेट में यह संविधान संशोधन पारित किया गया है और मुनीर के लिए एक नए पद का सृजन किया गया है-चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ)। यह पद चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ भारत में भी है, लेकिन वह निरंकुश और स्वयंभू नहीं है। वह राष्ट्रपति और केंद्रीय कैबिनेट के अधीन सेवारत है। पाकिस्तान के सीडीएफ मुनीर को न तो राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री हटा सकते हैं और न ही सर्वोच्च अदालत में कोई केस किया जा सकता है। वह कानून और अपराध से बहुत परे हैं। वह ताउम्र फौजी की वर्दी पहन सकेंगे और थल सेना, वायुसेना, नौसेना के प्रमुखों की नियुक्ति करेंगे। दरअसल अब पाकिस्तान में राष्ट्रपति सेनाओं के सुप्रीम कमांडर नहीं, बल्कि सीडीएफ मुनीर नए सर्वोच्च जनरल होंगे। तीनों सेनाएं और उनके प्रमुख अब सीडीएफ को जवाबदेह होंगे। जाहिर है कि राष्ट्रपति भी कठपुतली बन कर रह जाएंगे। मुनीर को उनकी नई सत्ता से बेदखल करने का एक ही अंतिम रास्ता है-संसद में महाभियोग सरीखा प्रस्ताव दो-तिहाई बहुमत से पारित कराना। यह भी असंभव लगता है, क्योंकि उस प्रस्ताव की इजाजत फौज से भी ली जाएगी। क्या कोई सेना प्रमुख अपने सीडीएफ के खिलाफ महाभियोग की अनुमति देने का दुस्साहस कर सकता है? दूसरा असंभव-सा रास्ता यह लगता है कि अंतत: अदालती फैसलों के बाद इमरान खान जेल से बाहर आएं और उनके नेतृत्व में पाकिस्तान की अवाम सडकों पर बिछ जाए। उस आंदोलन को जमात-ए-इस्लामी का भी समर्थन हो। मरने-कटने की परवाह न हो। आजादी की नई लड़ाई जैसा संघर्ष हो, तब मुनीर को पाकिस्तान छोड़ कर भागने को विवश किया जा सकता है! दुनिया में बड़े-बड़े, ताकतवर राष्ट्रध्यक्षों, राष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों को देश छोड़ कर भागने पर मजबूर होना पड़ा है, इसका इतिहास साक्षी है। पाकिस्तान के भी बदतर हालात हैं। अफगानिस्तान के तालिबान, बलूच लड़ाके, टीटीपी, टीएलपी, पाक अधिकृत कश्मीर के विद्रोही आदि ने चारों तरफ से पाकिस्तान को घेर रखा है। अफगान तालिबान ने पाकिस्तान को सात खंडों में विभाजित करने को मोर्चे तैनात कर लिए हैं। विद्रोही पाकिस्तान के पंजाब तक पहुंच चुके हैं और इस्लामाबाद को हिला देने की हुंकारें भर रहे हैं। खैबर, बलूचिस्तान, अफगान सीमा पर पाकिस्तान के फौजियों को विस्फोटों से उड़ा कर मारा जा रहा है।



ललित शर्मा
संपादक

# नेता सत्ता के लिए कर सकते हैं हवाई वादा




नीतीश ने जनता से कहा कि आप नौकरी के झांसे में मत आइए। तेजस्वी ने 2020 के विधानसभा चुनाव में वादा किया था कि उनकी सरकार बनी तो वह बिहार में 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देंगे। तब भी तेजस्वी ने पहली कैबिनेट बैठक में ही 10 लाख नौकरियों की भर्तियां निकालने का वादा किया था। राजनीतिक दल सत्ता पाने के लिए मतदाताओं से किसी भी तरह का वादा कर सकते हैं, चाहे ऐसे वादों को जमीन पर उतारने में व्यवहारिक कठिनाइयां ही क्यों न हो। बिहार चुनाव में महागठबंधन की ओर से राष्ट्रीय जनता दल के मुख्यमंत्री के घोषित दावेदार तेजस्वी यादव ने बिहार के युवाओं को एक करोड़ से ज्यादा सरकारी नौकरी देने का वादा किया है। यह वादा मतदाताओं को लुभाने के लिए किया गया है। तेजस्वी ने घोषणा की है कि जिस भी परिवार के पास सरकारी नौकरी नहीं है उस हर परिवार को एक सरकारी नौकरी दिलाने का काम किया जाएगा। तेजस्वी ने कहा कि उनकी सरकार बनती है तो 20 दिनों के अंदर नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा, 20 महीने में ऐसा कोई घर नहीं बचेगा जहां नौकरी नहीं होगी। हर परिवार को देंगे सरकारी नौकरी, पर पैसे कहां से लाएंगे पूर्व डिप्टी सीएम? इसका तेजस्वी यादव और उनके प्रमुख सहयोगी कांग्रेस सहित अन्य दलों ने कोई रोडमैप नहीं बताया। इस वादे की पीछे यादव और कांग्रेस की 5 साल से अधिक समय से सत्ता से बाहर होने की बैचेनी देखी जा सकती है। राज्य में एक करोड़ रोजगार पैदा करने का लक्ष्य रखा है। बिहार में कुल परिवारों की संख्या करीब 2.83 करोड़ है। तेजस्वी ने नीतिश सरकार पर आरोप लगाया कि इस खटारा सरकार को कभी ध्यान ही नहीं था कि बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है। नौकरी और रोजगार के बारे में चर्चा भी नहीं होती थी। वो लोग आज बेरोजगारी भत्ता देने की बात कर रहे हैं, नौकरी की बात आज भी नहीं कर रहे हैं। यादव ने कहा कि मैंने अपने 17 महीने में उप-मुख्यमंत्री काल में जितना काम बिहार की प्रगति के लिए किया वो वर्तमान सरकार 20 सालों में नहीं कर सकी। तेजस्वी के इस ऐलान के बाद नीतीश कुमार चुनावी रैली में सवाल किया कि नौकरियों के लिए पैसे कहां से लाएंगे। नीतीश कुमार ने कटाक्ष भी किया था कि ₹क्या ये पैसे जेल से लाएंगे या जाली नोट से सैलरी देंगे। तब लालू यादव चारा घोटाला मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद जेल में थे। साथ ही उन्होंने यह भी सवाल उठाए थे कि ₹जब 1990 से 2005 तक राज्य में आरजेडी की सरकार थी तब कितनी नौकरियां आई थीं। उनके राज में न सड़क थी न बिजली। तब राज्य में जंगलराज था। जंगलराज का वो दौर सबको याद है।

नीतीश ने जनता से कहा कि आप नौकरी के झांसे में मत आइए। तेजस्वी ने 2020 के विधानसभा चुनाव में वादा किया था कि उनकी सरकार बनी तो वह बिहार में 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देंगे। तब भी तेजस्वी ने पहली कैबिनेट बैठक में ही 10 लाख नौकरियों की भर्तियां निकालने का वादा किया था। एनडीए से अलग होकर अगस्त 2022 में आरजेडी के साथ बिहार में सरकार बनाने के बाद तब तेजस्वी उप-मुख्यमंत्री बने और शपथ लेने के बाद ही उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सरकारी नौकरी देने के संबंध में बात की थी। तब उन्होंने कहा थी कि कम-से-कम चार पांच लाख नौकरियों के लिए कुछ करेंगे। जिसके बारे में वो कहते हैं कि उन्होंने तब नौकरियां दिलाई थीं। नीतीश कुमार की कैबिनेट ने इसी साल जुलाई में राज्य में अगले पांच सालों में (2030 तक) एक करोड़ नौकरियां पैदा करने का लक्ष्य रखा है। हालांकि जुलाई में जो फैसले लिए गए हैं उसमें सरकारी और प्राइवेट दोनों तरह की नौकरी की बात की गई है लेकिन इनमें सरकारी नौकरियों की संख्या क्या होगी इस पर कोई नंबर नहीं बताया गया। गौरतलब है कि नीतीश कुमार नियोजित और कॉन्ट्रैक्ट वाली नौकरी की बात करते रहे हैं। कई लोगों को इसके जरिए नौकरियां भी मिली हैं पर जो लोग काम कर रहे हैं उनमें भारी असंतोष है। हालांकि इस साल गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में करीब 85 हजार बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) भाग लिया था, जिन्हे राज्य सरकार ने एक बार का मानदेय ?6000 देने की घोषणा की। साथ ही मिथिलांचल क्षेत्र में सिचांई के आधुनिकीकरण और बाढ़ नियंत्रण की एक बड़ी परियोजना पश्चिम कोसी नहर परियोजना पर भी काम चल रहा है, जिसके मार्च 2029 तक पूरा होने की संभावना है। बिहार सरकार ने गंगा पथ परियोजना के तहत ?5119 करोड़ मुंगेर (साफियाबाद)-बरियारपुर-घोरघाट-सुल्तानगंज (42 किलोमीटर), और ?4849 करोड़ सुल्तानगंज-भागलपुर-साबोर (40.80 किलोमीटर) के विकास की भी स्वीकृति मिली है। ये हाइब्रिड एन्युटी मॉडल पर आधारित होंगे तो इसमें 60 फीसद नौकरी निजी क्षेत्र में पैदा होंगी। कुल मिलाकर बिहार में कई बुनियादी विकास कार्यक्रम चल रहे हैं जिसमें हजारों की संख्या में लोगों को रोजगार मिला हुआ है पर ये सरकारी नौकरी नहीं है। सच्चाई तो यही है कि इतनी सरकारी नौकरियों के लिए फिलहाल बजट में जगह नहीं है। अगर बिहार के बजट को देखें तो साल 2021-22 में यह 2.17 लाख करोड़ था। यह 2022-23 में बढ़कर 2,37,691 करोड़ हो गया। बिहार में साल 2025-26 का बजट लगभग 3,16,000 करोड़ रखा गया। वहीं 55,737 करोड़ का लोन भी लिया जाना तय किया गया है। राज्य पर 4,04,107 करोड़ बकाया है। अर्थात इस पर हर रोज 63 करोड़ का ब्याज ही दिया जा रहा है। बिहार सरकार के राजस्व प्राप्ति में पिछले सालों की तुलना में 2023 24 में 11.96% की बढ़ोतरी हुई है, जबकि राजस्व व्यय यानी खर्च में बढ़त केवल 3.55% की हुई। ये आंकड़े खुद उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विधानसभा में बताए। मतलब जितने रुपये आए, उससे कहीं कम खर्च हुए हैं, किन्तु राज्य के कर्ज में भी अच्छी खासी बढ़ोतरी भी हुई है। पूरे देश में ही करीब 2 करोड़ सरकारी नौकरियां हैं। जबकि तेजस्वी पूरे देश से ज्यादा सरकारी नौकरी सिर्फ अकेले बिहार में देना चाहते हैं। यह कभी भी मुमकिन नहीं होगा। इच्छाशक्ति हो और अगर फिजूलखर्ची (इसमें सौंदर्यीकरण को शामिल किया गया) और अन्य मदों में कटौती की जाए तो कुछ नौकरियों का सृजन संभव है। हालांकि कितने लोगों को नौकरियां दी जानी है यह अनुमान लगा पाना तो फिलहाल संभव नहीं है। लेकिन एक आंकड़े के मुताबिक केवल 10 लाख सरकारी नौकरियों के लिए ही करीब 25 हजार करोड़ रुपये के अतिरिक्त बजट की जरूरत पड़ेगी। ऐसे में तेजस्वी अगर सरकार बनाते हैं तो यह देखना होगा कि वो हर घर सरकारी नौकरी के लिए बजट का इंतजाम कैसे करते हैं। बिहार में हर घर सरकारी नौकरी देना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है। यह सिर्फ चुनावी वादा है, जो पूरी तरह खोखला है। किसी भी राज्य या देश में सरकारी नौकरी बेरोजगारी की वजह से नहीं निकलती, बल्कि सरकारी कामों को पूरा करने के लिए निकलती है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की स्टेट फाइनेंस रिपोर्ट के मुताबिक बिहार में करीब 15-18 लाख सरकारी नौकरियां हैं, जो राज्य सरकार, स्थानीय निकाय, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे विभागों में हैं। इस हिसाब से सिर्फ 6-7% परिवार ही सरकारी नौकरी से जुड़े हैं। बाकी के करीब 2.44 करोड़ यानी 93 से 94% परिवारों के पास कोई सरकारी नौकरी नहीं है। 1 नौकरी की सैलरी 30 हजार रुपए महीना है, तो 2.44 करोड़ नौकरियों का सालाना बजट करीब 7.3 लाख करोड़ होना चाहिए, जो बिहार के 3.17 लाख करोड़ के बजट से दोगुना है। सरकारी नौकरी देने के लिए राज्य का पूरा बजट खर्च कर दिया, तो भी कम पड़ेगा।

> बिहार में रोजगार देना इतनी ही आसान बात होती, तो राज्य के युवा नौकरी करने के लिए प्रदेश से बाहर नहीं जाते। रोजगार के अवसर देने के लिए राज्य में नए स्टार्टअप्स शुरू करने होंगे, नई कंपनियां खुलेंगी और लघु उद्योगों का सहारा लेना होगा। यह काम सरकार नहीं कर पाएगी। इसके लिए प्राइवेट कंपनियों को आगे आना होगा। यह सुनने में तो आसान लगता है, लेकिन यह भी बहुत मुश्किल है। प्राइवेट सेक्टर्स भी बिहार में तब ही इन्वेस्ट करेंगे, जब उनका फायदा होगा। बिहार हो या देश का कोई भी दूसरा राज्य, सभी जगह रोजगार प्रमुख समस्या है पर इसका एकमात्र हल सरकारी नौकरी नहीं हैं। इसके लिए निजी क्षेत्र के निवेश की जरूरत है। यह निवेश तब तक नहीं होगा जब तक जमीन, बिजली, पानी, सड़क, कच्चे माल की उपलब्धि, कानून व्यवस्था तथा भ्रष्टाचार समाप्त नहीं होगा। सिर्फ राजनीतिक टोटकेबाजी से रोजगार की समस्या हल नहीं होगी।

## उदय किशोर साह



### सांझ की सूरज

कविता

सांझा की सूरज अस्ताचल में आराम किया
दिन भर जन सेवा कर बिस्तर पे शयन किया
प्रकृति की है ये शाश्वत नित्य की दस्तूर
जिनका उदय हुआ है उनका अस्त होता हुजूर

गगन का रंग लोहित हो वो बादल तैर घूम रहा
परिन्दे घोंसले की ओर देखो उड़ कर लौट रहा
पर्वत से टकरा कर आई ये ठंडी ठंडी सी बयार
फिजां में घुल गई वो देखों मदमस्त सी बहार

सूर्य की रक्तिम किरणे जब सागर को। छू जाता
सोने सा उनका चेहरा दपर्ण में दीख मन को भाता
पुरवाई पवन ने ली जग में आज क्यूँ अंगड़ाई
लगता है प्रिये अब धरा पे सांझ होने को आई

भागमभाग की जीवन यहॉ लगता है ठहर गया
दिन का चौथा पहर बुढ़ा हो देखो सिहर गया
टिमटिमाते आकाश के तारे कैसे मुस्कुरा रहा
रजनी को धरती का रास्ता वो दिखा कुछ् बता रहा

दूर पर्णकुटी में एक छोटा दीप फैला रहा उजियारा
अंधेरों से लड़ने की अचुक मंत्र की गुर कितना न्यारा
वो देखों परिन्दों को घोषले में करता है बच्चे संग शोर
चलो करते हैं विश्राम जब तलक ना हो जाये जहाँ भोर

# शिक्षा का अर्थ केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि जीवन के उद्देश्यों को समझना

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का प्रारूप देश के सामने नई दृष्टि के साथ प्रस्तुत हुआ, जिसमें भारतीय शिक्षा प्रणाली को समग्र रूप से पुनर्गठित करने का प्रयास किया गया है। यह दावा किया गया कि यह इक्कीसवीं सदी की पहली राष्ट्रीय शिक्षा नीति है और इस पर कोई विवाद भी नहीं है, क्योंकि पिछली बार 1986 में बनी नीति को केवल 1992 में संशोधित किया गया था। लगभग तीन दशकों के लंबे अंतराल के बाद बनी यह नीति भारतीय समाज, अर्थव्यवस्था और संस्कृति के समसामयिक संदर्भों को ध्यान में रखकर रची गई है। पर सवाल यह है कि पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी नई शिक्षा नीति देश भर में प्रभावी और समान रूप से लागू क्यों नहीं हो पाई है? आज भी विभिन्न राज्य नई शिक्षा नीति के विविध घटकों को अपने-अपने ढंग से अपनाने में व्यस्त हैं, जिससे शिक्षा के राष्ट्रीय मानक और रूप-रेखा असंतुलित हो रही है। नीति का उद्देश्य तो देश में गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और समावेशी शिक्षा व्यवस्था को साकार करना था, लेकिन इसके व्यावहारिक स्वरूप में अनेक अड़चनें हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का आधारभूत मंत्र है- समग्र शिक्षा प्रणाली के माध्यम से भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाना। इसके अंतर्गत प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक विज्ञान, तकनीक और नवाचार को एक साथ जोड़ने का प्रभावी प्रयास होना चाहिए। सरकार की मंशा रही है कि भारतीय दर्शन, संस्कृति और चिंतन की सनातन परंपरा केवल ग्रंथों तक सीमित न रहकर नई पीढ़ी की शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बने। भारत की आत्मा में ज्ञान, मूल्य और आध्यात्मिक दृष्टि का संगम सदा से रहा है और यह बरसों से हमारे देश का प्राण रहा है। अब शिक्षा के माध्यम से उसी आत्मा को आधुनिक युग के संदर्भों में पुनर्जीवित करने की आवश्यकता समझकर शिक्षा नीति अमल में लाने का प्रयास है। मगर यह नीति

केवल विषयों और पाठ्यक्रमों का पुनर्गठन नहीं होना चाहिए, बल्कि यह शिक्षा की सोच, दृष्टि और उद्देश्य को नव-परिभाषित करने का प्रयास होना चाहिए। इसका लक्ष्य ऐसी शिक्षा प्रणाली का निर्माण करना है, जो सामाजिक न्याय, समान अवसर और आत्मनिर्भरता के सिद्धांतों को सशक्त बनाए। नीति में 5+3+3+4 की संरचना लागू की गई है, जो बच्चों के मानसिक, सामाजिक और संज्ञानात्मक विकास के चरणों को ध्यान में रखती है।



विजय गर्ग

यह व्यवस्था पूर्व-प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक क निरंतर और समग्र शिक्षण अनुभव प्रदान करने का उद्देश्य रखती है। सबसे बड़ी चुनौती राज्यों और केंद्र के बीच समन्वय की है। शिक्षा का विषय संविधान की समवर्ती सूची में आता है, इसलिए नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकारों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। दुर्भाग्यवश, विभिन्न राज्यों में नीति को लागू करने की गति और इच्छाशक्ति में भिन्नता है, जिससे नीति का राष्ट्रीय स्वरूप कमजोर पड़ता दिख रहा है। शिक्षा का अर्थ केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि जीवन के उद्देश्यों को समझना और समाज कल्याण के मार्ग पर चलना रहा है। इस दृष्टि से यह नीति भारतीयता के पुनर्जागरण का माध्यम बन सकती है। मगर इसके लिए आवश्यक है कि विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों में भारतीय ज्ञान परंपरा के अध्ययन-केंद्र स्थापित किए जाएं, पारंपरिक विद्वानों को नई तकनीक और शिक्षण पद्धतियों से जोड़ा जाए तथा विद्यार्थियों को इन विषयों में उच्च अध्ययन के अवसर प्रदान किए जाएं। नीति में मातृभाषा या स्थानीय भाषा को 'प्राथमिक शिक्षा के माध्यम के रूप में अपनाने की सिफारिश की गई है। यह विचार भारतीय भाषाई विविधता को सम्मान देता है और बच्चों की सोच तथा सीखने की क्षमता को मजबूत करता 1 मगर इस दिशा में भी व्यावहारिक जटिलताएं हैं। इसके साथ एक सामान्य भाषा-संपर्क भी आवश्यक है, ताकि राष्ट्रीय स्तर पर ज्ञान, शोध और संवाद की एकरूपता बनी रहे।

# दिल्ली धमाका : किसी बड़ी साजिश का संकेत

दिल्ली के रोहिणी सीआरपीएफ स्कूल में हुआ धमाका केवल एक हादसा नहीं बल्कि एक गहरी साजिश का संकेत है। यह घटना बताती है कि राजधानी जैसी सुरक्षित मानी जाने वाली जगह भी आतंकी या असामाजिक तत्वों के निशाने पर है। बच्चों के बीच इस तरह की घटना असहनीय और भयावह है। सरकार को चाहिए कि जांच एजेंसियाँ तेजी से कार्रवाई करें और दोषियों को कड़ी सजा दें। साथ ही स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा हो ताकि भविष्य में ऐसी त्रासदियाँ दोहराई न जाएँ। नागरिक सुरक्षा ही राष्ट्र की वास्तविक ताकत है। रविवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के रोहिणी क्षेत्र में स्थित सीआरपीएफ स्कूल के बाहर हुआ धमाका पूरे देश को हिला गया। यह केवल एक हादसा नहीं था, बल्कि संभवतः किसी बड़ी साजिश की कड़ी का संकेत है। देश की राजधानी में सुरक्षाबलों के स्कूल के पास इस तरह का विस्फोट होना न सिर्फ सुरक्षा एजेंसियों की चौकसी पर सवाल उठाता है, बल्कि इस बात की भी चेतावनी देता है कि आतंकी और विध्वंसकारी ताकतें अब भी सक्रिय हैं और अपने नापाक इरादों को अंजाम देने के मौके तलाश रही हैं। यह धमाका रोहिणी सेक्टर-14 के सीआरपीएफ पब्लिक स्कूल की दीवार के पास हुआ। स्थानीय लोगों ने सुबह करीब सात बजे के आसपास तेज धमाके की आवाज सुनी। धमाका इतना तेज था कि आसपास के मकानों और दुकानों के शीशे टूट गए, दीवार में छेद हो गया और क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरातफरी मच गई। सौभाग्य से स्कूल बंद था, जिससे किसी जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। हालांकि, यह बात राहत से ज्यादा चिंता का विषय है कि अगर यह घटना स्कूल खुलने के समय होती, तो बड़ी त्रासदी हो सकती थी। दिल्ली पुलिस, एनआईए, एनएसजी और फॉरेंसिक टीमों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। जांच में सफेद पाउडर, तारों के टुकड़े और विस्फोटक पदार्थ के अंश मिले हैं, जिससे यह संभावना बलवती होती है कि धमाके में क्रूड बम या इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (कएऊ) का इस्तेमाल किया गया। जांच एजेंसियों ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं, जिसमें एक संदिग्ध युवक सफेद टी-शर्ट में क्षेत्र के आसपास घूमता दिखा। वहीं, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टेलीग्राम पर एक चैनल ने इस धमाके की जिम्मेदारी लेने का दावा किया, जिसे बाद में खालिस्तानी समर्थक तत्वों से जोड़ा गया। हालांकि इस दावे की पुष्टि जांच एजेंसियों ने नहीं की है, परंतु इससे यह संकेत अवश्य मिलता है कि घटना के पीछे किसी संगठित नेटवर्क की भूमिका हो सकती है। दिल्ली देश की राजधानी है – यहाँ संसद, सर्वोच्च न्यायालय, राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री कार्यालय और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के मुख्यालय स्थित हैं। ऐसे में इस तरह का विस्फोट होना गंभीर सुरक्षा चूक को दशार्ता है। यह तथ्य और भी चिंताजनक है कि धमाका सीआरपीएफ स्कूल के बाहर हुआ – यानी एक ऐसे संस्थान के पास, जो स्वयं देश की सबसे सशक्त अर्धसैनिक बल से जुड़ा हुआ है। यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब सुरक्षा बलों की चौकी के पास ऐसी घटना हो सकती है, तो आम नागरिक कितना सुरक्षित है? दिल्ली पुलिस और खुफिया एजेंसियों को अब केवल प्रतिक्रियात्मक नहीं बल्कि प्रो-एक्टिव रणनीति अपनानी होगी – यानी घटना के बाद नहीं, बल्कि पहले से ऐसे संकेतों को पहचानना और निष्क्रिय करना होगा। ऐसी घटनाएँ केवल भौतिक क्षति नहीं करतीं, बल्कि समाज में भय और असुरक्षा का माहौल भी पैदा करती हैं। राजधानी में इस तरह का विस्फोट आम नागरिकों के मन में यह धारणा मजबूत करता है कि आतंकवादी ताकतें किसी भी समय, कहीं भी वार कर सकती हैं। स्कूल के बाहर हुआ धमाका बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों के मनोबल को प्रभावित करता है। बच्चे जिन स्कूलों में शिक्षा लेने जाते हैं, अगर वे स्थान भी असुरक्षित महसूस होने लगें, तो यह स्थिति किसी भी लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। ऐसी घटनाओं के बाद राजनीतिक दलों की बयानबाजी शुरू हो जाती है – कोई इसे कानून-व्यवस्था की नाकामी बताता है तो कोई राजनीतिक साजिश कहता है। लेकिन सच्चाई यह है कि आतंकवाद और राष्ट्र-विरोधी गतिविधियाँ किसी पार्टी या विचारधारा की नहीं होतीं, ये पूरी मानवता के खिलाफ होती हैं। इसलिए इस तरह के मामलों में राजनीतिक लाभ-हानि की सोच से ऊपर उठकर राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना समय की मांग है। केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर ऐसी नीतियाँ बनानी होंगी जो केवल कागजी जांचों तक सीमित न रहें, बल्कि जमीनी स्तर पर ठोस निवारक कदम सुनिश्चित करें। आज आतंकवादी और असामाजिक तत्व पारंपरिक तरीकों से हटकर डिजिटल प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया और डार्क वेब का उपयोग कर रहे हैं। टेलीग्राम चैनल के माध्यम से जिम्मेदारी लेने की कोशिश इसी प्रवृत्ति का हिस्सा है – जिससे आतंक फैलाना, भ्रम पैदा करना और जांच को भटकाना आसान हो जाता है। इसलिए अब सुरक्षा एजेंसियों को साइबर इंटेलिजेंस पर उतना ही ध्यान देना होगा जितना फिजिकल सुरक्षा पर दिया जाता है। फर्जी संदेशों, हैकिंग नेटवर्क और डिजिटल फंडिंग की निगरानी जरूरी है। हर बार जब कोई ऐसी घटना होती है, तो हम यह सोचकर चुप हो जाते हैं कि सुरक्षा एजेंसियाँ सब संभाल लेंगी। लेकिन सच्चाई यह है कि आम नागरिक भी सुरक्षा तंत्र की पहली कड़ी हैं। संदिग्ध वस्तु, अनजान व्यक्ति या असामान्य गतिविधि पर नजर रखना और तत्काल पुलिस को सूचित करना – यह नागरिक कर्तव्य बनना चाहिए। सुरक्षा सिर्फ बंदूक और बुलेटप्रूफ जैकेट से नहीं आती, बल्कि सजग नागरिक चेतना से भी आती है। भारत लंबे समय से सीमापार आतंकवाद का शिकार रहा है। कई बार राजधानी दिल्ली और अन्य महानगर आतंकी संगठनों के निशाने पर रहे हैं। रोहिणी विस्फोट जैसी घटनाएँ यह याद दिलाती हैं कि हमारे शत्रु तंत्र हर समय सक्रिय हैं और देश की स्थिरता को अस्थिर करने के प्रयास में हैं। ऐसे में भारत को अपनी आंतरिक सुरक्षा नीति को और सुदृढ़ करना होगा – विशेषकर शहरी क्षेत्रों की खुफिया निगरानी को तकनीकी रूप से उन्नत बनाना आवश्यक है। हर ऐसी घटना में निष्कर्ष आने में महीनों लग जाते हैं। जनता को समय-समय पर अपडेट देना जरूरी है ताकि अफवाहें न फैलें। सभी केंद्रीय और अर्धसैनिक संस्थानों के आसपास की सुरक्षा समीक्षा तत्काल की जानी चाहिए। सोशल मीडिया पर उग्रवादी संदेशों और चैनलों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। नागरिकों को सुरक्षा अभियान का भागीदार बनाना – स्कूलों और बाजारों में जागरूकता अभियान चलाना भी आवश्यक है। ऐसे मामलों पर सभी दलों को एक मंच से बयान देना चाहिए, ताकि दुश्मन यह न समझे कि देश अंदर से बँटा हुआ है। दिल्ली के रोहिणी क्षेत्र में हुआ यह धमाका भले ही सौभाग्य से किसी बड़ी जनहानि का कारण नहीं बना, लेकिन यह घटना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि आतंकवाद की चुनौती अब भी हमारे चारों ओर मौजूद है। यह केवल एक पुलिस केस नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक एकता और नागरिक जिम्मेदारी से जुड़ा मामला है। जरूरत इस बात की है कि हम घटना को महज ह्लएक धमाकाह्व न मानें, बल्कि इसे एक चेतावनी के रूप में लें – एक ऐसी चेतावनी जो बताती है कि लापरवाही की गुंजाइश अब नहीं बची। राष्ट्र की सुरक्षा केवल सैनिकों के कंधों पर नहीं टिकी होती, बल्कि हर नागरिक की सजगता और एकता में निहित होती है। अगर हम सभी मिलकर सतर्क रहें, जागरूक रहें और एकजुट रहें – तो कोई भी साजिश हमें तोड़ नहीं सकती।



प्रियंका सौरभ

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# नूरपुर में महिला जनसुनवाई का आयोजन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी सौरभ कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अवनी सिंह सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग लखनऊ द्वारा विकासखंड नूरपुर के सभागार कक्ष में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। महिला जनसुनवाई में लगभग 85 महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। व 5 महिलाओं की गोदभराई कार्यक्रम किया गया। व 16 महिलाओं द्वारा अपने-अपने समस्याओं का प्रार्थना पत्रों के माध्यम से सदस्य के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को महिला आयोग सदस्य द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला कार्यक्रम अधिकारी विमल दुबे, डीएमसी रविता राठी, वन स्टॉप सेंटर पैरामेडिकल स्टॉफ नाज परवीन, शुभम चौधरी द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक महिलाओं एवं बच्चों को लाभ दिलाए जाने की अपेक्षा की गई है। सरकारी योजनाओं के पंपलेट वितरण भी किया गया है। महिला आयोग सदस्य अवनी सिंह द्वारा ग्राम राहुनांगली विकासखंड नूरपुर में महिला चौपाल का आयोजन भी किया गया। जिसमें लगभग 105 महिलाओं में प्रतिभाग किया उसके बाद थाना नूरपुर व थाना शिवाला कला का निरीक्षण भी महिला आयोग सदस्य अवनी सिंह के द्वारा किया गया। सीडीपीओ नूरपुर, विकासखंड अधिकारी नूरपुर, महिला थाना बिजनौर, महिला थाना चांदपुर, व अन्य विभागों के अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

## भाजपा नेता डीके शर्मा ने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री सहित मंत्री एवं विधायक को सौंपा पत्र

बुलंदशहर भाजपा नेता डीके शर्मा ने फिर उठाई विकास की मांग अहमदगढ़ की साधन सहकारी समिति के विकास कार्यों से संबंधित प्रस्ताव माननीय मुख्यमंत्री एवं सहकारिता मंत्री जीपीएस राठौर तथा विधायक अनिल शर्मा को दिया है। जिसमें निम्नलिखित बिंदुओं पर मांग की गई है। साधन सहकारी समिति श्यालरी अहमदगढ़ के दो बी पॉइंट एक भीकमपुर और एक तुर्कीपुरावास पर बनाया जाना समिति के मैदान का मिट्टी भराव कराकर इंटरलॉकिंग कार्य समिति के पिछले जर्जर भवन को नया बनाया जाना समिति की बाउंड्री वॉल समिति के आसपास पड़े कूड़े के ढेर साफ कराया जाना आदि बिंदुओं पर मांग की गई है। भाजपा नेता एवं समाजसेवी डीके शर्मा ने उम्मीद जताई है कि शीघ्र ही प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# लाल बहादुर सिंह स्मारक महाविद्यालय गोहावर के छात्र ने जीता स्वर्ण पदक



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर :** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली में आयोजित खेल प्रतियोगिता में कुश्ती पुरुष वर्ग में लाल बहादुर सिंह स्मारक महाविद्यालय गोहाार बिजनौर के बीएससी द्वितीय वर्ष (तृतीय सेमेस्टर) के संस्थागत छात्र मो साकिब पुत्र रईस अहमद निवासी ग्राम चन्द्रकुटी की मण्डयौ पोस्ट नौगांव सादात जनपद अमरोहा ने 67 किलोग्राम भार वर्ग कुश्ती में स्वर्ण पदक जीतकर महाविद्यालय व अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। महाविद्यालय के अध्यक्ष रवेन्द्र कुमार, सचिव डॉ दीपा कुमार, प्रबंधक निदेशक इंजीनियर आलोक कुमार, निदेशक डॉ हरीश कुमार, प्राचार्य डॉ महेश कुमार व समस्त महाविद्यालय परिवार ने छात्र को उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रदान की।

## आरपीएफ वाराणसी प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार यादव ने वाराणसी स्टेशन पर सकुर्लेटिंग एरिया व प्लेटफार्म पर विशेष अभियान चलाकर किया चेकिंग

**वाराणसी :-** रेलवे सुरक्षा बल वाराणसी एवं डॉग स्क्वाड के द्वारा स्टेशन वाराणसी पर अभियान चलाकर सकुर्लेटिंग एरिया,प्लेटफार्म एवं टिकट घर की सघन चेकिंग की गई इस दौरान यात्रियों से अपील की गयी कि किसी भी अपरिचित व्यक्ति का दिया ना खाएं पिए जिससे वह किसी जहर खुरानी का शिकार ना हों यदि यात्रा के दौरान कोई भी समस्या होती है तो डायल 139 के माध्यम से तुरंत सूचना दें गाड़ियों में चेन पुलिंग न करने तथा रेलवे सुरक्षा बल का सहयोग करने की अपील की गई सीसीटीवी कैमरे से लगातार न्गिरानी की जा रही है आरपीएफ वाराणसी कैंट प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार यादव के निर्देशन में दस नवम्बर सोमवार को स्टेशन परिसर सकुर्लेटिंग एरिया व प्लेटफार्म पर विशेष अभियान चलाकर चेकिंग की गई वाराणसी स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया नो पार्किंग जोन में वाहन लगाने के जुर्म में छह वाहन चालकों के विरुद्ध रेलवे की धारा 159 में मामला पंजीकृत किया गया,कुल छह के खिलाफ रेलवे एक्ट में मामला पंजीकृत किया गयो

## प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन पूज्य गुरुदेव के मंदिर में संपन्न हुआ जलाभिषेक



**कटनी।** दद्दा धाम परिसर में पूज्य गुरुदेव पंडित देव प्रभाकर शास्त्री दद्दा जी के सान्निध्य में चल रहे प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के आज दूसरे दिन मंदिर में विधिवत जलाभिषेक अनुष्ठान संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पूजन विधियों के साथ किया गया। पंडित पूरनलाल शास्त्री एवं पंडित कालिका प्रसाद पांडे के निर्देशन में जलाभिषेक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. अनिल त्रिपाठी डॉ. सुनील त्रिपाठी, पंडित नीरज त्रिपाठी, आदरणीय आशुतोष राणा, विधायक संजय पाठक, यश पाठक देवेंद्र त्रिपाठी सहित अनेक श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। हर हर महादेव के जयघोष गूंज उठे, जिससे वातावरण भक्ति और आस्था से परिपूर्ण हो गया।

## रोहनिया पुलिस ने झूठी गवाही देने के मामले मे 25-25 हजार रुपये के दो इनामिया अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**वाराणसी :-** पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित,फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के निर्देशन मे अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण मे सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के कुशल नेतृत्व में थाना रोहनिया पुलिस टीम द्वारा ह्लऑपरेशन चक्रव्यूहह्व के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0–0120/2025 धारा 319(2)/318(4)/336(3)/338/ 340(2)/61(2) बीएनएस थाना रोहनिया कमिशनरेट वाराणसी से सम्बन्धित 25–25 हजार रुपये के इनामिया/पुरस्कार घोषित वांछित दो अभियुक्तगण सौरभ सिंह पुत्र निर्मल सिंह निवासी ग्राम बिरभानपुर थाना राजातालाब कमिशनरेट वाराणसी को 9 नवम्बर 2025 को अवसानपुर (गेट के पास) हरहुआ से तथा मनीष कुमार यादव पुत्र गुलाब यादव निवासी हसनपुर थाना मडुवाडीह कमिशनरेट वाराणसी को 10 नवम्बर 2025 को लहरतारा ब्रिज से गिरफ्तार किया गया

# यूनिवर्सल एकेडमी में 10 नवंबर से 15 नवंबर तक खेल सप्ताह का आयोजन किया

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर :** यूनिवर्सल एकेडमी में वार्षिक खेल सप्ताह कक्षा नर्सरी से कक्षा 12 तक के बच्चों के लिए आयोजन बड़ी ही हर्षोल्लास से किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के खेल मैदान में किया गय। बच्चों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ विभिन्न खेलों में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी और उप प्रधानाचार्य खुशबू कर्णवाल द्वारा रिबन काटकर किया गया।

इसके बाद बच्चों ने मजेदार रेस प्रतियोगिताएं जैसे रस्सी कूद, फ्रॉग जंप, लेमन एंड स्पून रेस, सैक और रिले रेस जैसी गतिविधियों में भाग लिया। आज 10 नवंबर कक्षा नर्सरी और के जी के छोटे बच्चों ने जिग जैग रेस, डक रेस, फ्रोग रेस, एनीमल रेस में भाग लेकर सब का मन मोह लिया। और शानदार खेल भावना दिखाई। स्कूल के प्रधानाचार्य डा.अनुज त्यागी जी व उप प्रधानाचार्य खुशबू कर्णवाल जी ने इन छोटे नन्हे बच्चों की प्रशंसा करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है उन्होंने यह भी बताया कि खेल से शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। कार्यक्रम के का समापन 15 नवंबर को किया जाएगा और उसमें विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार और मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। इस कार्य को सफल बनाने के लिए स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर अजीत सिंह कल्चरल कोऑर्डिनेटर अभिलाष कुमार और अनीता सिंह व नर्सरी विंग की टीचर्स रिया, प्राची, शिल्पा, राखी, फराह , मिली का अहम योगदान रहा।

# दक्षि राणा बनी ताइक्वांडो की गोल्ड मेडलिस्ट

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर :** की बहन दक्षि राणा बनी ताइक्वांडो की गोल्ड मेडलिस्ट अपने विद्यालय की बहन दक्षि राणा पुत्री अभिषेक चौहान निवासी नूरपुर ने जिला बिजनौर ताइक्वांडो एसोसिएशन की प्रतियोगिता में सहभागिता कर गोल्ड मेडल प्राप्त कर के विद्यालय का नाम रोशन किया बहन ने अपने वर्ग में सभी प्रतिद्वंदियों को पछाड़ते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अपने और अपने विद्यालय के साथ-साथ अपनी नूरपुर स्थित ताइक्वांडो ट्रेनिंग कैंप का नाम रोशन किया विद्यालय परिवार की ओर से बहन दक्षि राणा को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयां और ईश्वर से प्रार्थना है कि इसी प्रकार अपने विद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन करती रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुधीर कुमार ने विद्यालय स्तर पर बहन का सम्मान समारोह आयोजित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# डीएम साहिबा ,सड़क निर्माण कार्य अधूरा है ,जल्द सड़क निर्माण करवा दीजिए

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, गैरखेत-लखमारा मोटर मार्ग का कार्य पूरा नहीं होने पर पुड़कुनी, चलकाना व लखमारा के ग्रामीणों ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज ग्रामीणों ने कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि विभाग की उपेक्षा के चलते गांव आज भी सड़क सुविधा से वंचित है। जल्द निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की है। क्षेत्र पंचायत सदस्य भगवती गड़िया के नेतृत्व में ग्रामीण जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां नारेबाजी करते हुए सड़क निर्माण पूर्ण कर सड़क यातायात व्यवस्था चालू करो, आज करो अभी करो के नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया। यहां ग्रामीणों ने कहा कि गैरखेत से लखमारा लिंक रोड स्वीकृत हुए कई साल हो गए हैं। लोनिवि ने कार्य भी शुरू किया, लेकिन बीच में आधे में ही काम रोक दिया है। चलकाना को लखमारा तोक अति पिछड़ा क्षेत्र है। करीब 300 लोग सड़क सुविधा मिलने की राह देख रहे हैं। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भी उनकी समस्या आज तक जस की तस बनी है। इस मांग को लेकर वह कई स्थानीय विधायक सहित अधिकारियों से सड़क निर्माण कार्य पूरा कराने की गुहार लगा चुके हैं ।कई बार आंदोलन भी कर चुके हैं, लेकिन समस्या आज भी जस की तस बनी है ।ग्रामीणों ने बताया कि सड़क के अभाव में ग्रामीण पलायन को मजबूर है ।आर्थिक रूप से सम्पन्न लोग तो पलायन कर लेंगे मगर गांव में गरीब वर्ग के बुजुर्ग लोग गांव में सड़क बनवा दो की गुहार लगा रहे हैं और गांव तक सड़क बनने की राह देख रहे हैं ।ग्रामीण बोले डीएम साहिबा अधिकारी सड़क निर्माण में लेटलतीफी कर रहे हैं।

# दालमंडी ध्वस्तीकरण के पीड़ितो से मिलने जा रहे सपा सासंद वीरेन्द्र सिंह को पुलिस ने रोका तो बैठे धरने पर

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी :-** दालमंडी ध्वस्तीकरण को लेकर प्रशासन एवं सासंद आमने -सामने हो गए जिससे टकराव की स्थिति आज उत्पन्न हो गई सपा सासंद विरेन्द्र सिंह प्रशासन पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार दस नवम्बर सोमवार को सपा चंदौली सासंद विरेन्द्र सिंह को मिलने का समय दिया गया था लेकिन तय समय के पूर्व ही प्रशासन ने उनके आवास अर्दली बाजार स्तिथ टैगोर टाउन कालोनी मे कई थानो की पुलिस एवं भारी संख्या मे पुलिस बल तैनात कर आवासीय परिसर के मार्ग को रस्सी से बैरिकेडिंग कर रास्ता रोक दिया जिससे सपाई उग्र हो गऐ सपा सासंद को रोके जाने पर सपाई आवासीय परिसर के मार्ग पर धरने पर बैठ गऐ धरना प्रदर्शन दो घंटे तक अनवरत चलता रहा तों वहीं सपा सासंद विरेन्द्र सिंह दालमंडी ध्वस्तीकरण के पीड़ितों से मिलने के जिद पर अड़े रहे धरना स्थल पर एडीएम सिटी आलोक कुमार पहुंचकर सासंद विरेन्द्र सिंह से अनुरोध किया कि दालमंडी ध्वस्तीकरण के संदर्भ मे सभी पीड़ित को आपके समक्ष जल्द ही वार्ता करा दिया जायेगा सासंद ने प्रशासन की एक भी बात नही मानी सपा सासंद विरेन्द्र सिंह ने कहा कि दालमंडी ध्वस्तीकरण को लेकर स्थानीय नागरिक एवं व्यापारीयो से संवाद स्थापित कर सिर्फ उनकी पीड़ा को समझकर अंतरिम रिपोर्ट सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराना ही मेरा मकसद है मगर प्रशासन दालमंडी ध्वस्तीकरण के सच्चाई को छिपाना चाहती है और बिना विचार विमर्श के ही प्रशासन दालमंडी के स्थानीय व्यापारीयो को रविवार की रात मे तेरह दुकानदारो को बिना समय दिए एवं समान निकाले ही हथौड़ा चलाकर ध्वस्तीकरण का अभियान प्रारंभ करने से हम सभी मे रोष है।

# बड़ के बाला जी मंदिर के पास चारागाह की भूमी पर दबंगों का कब्जा - राजा भईया ने दर्ज कराई शिकायतें



जारीकर्ता राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया एडवोकेट दिल्ली हाई कोर्ट मो न– 9811371054,9818951279

वेलकम इंडिया





**(सवाई माधोपुर)-** यहां की तहसील के ग्राम भूटेरडा हल्का खटूपुरा में स्थित बड़ के बाला जी के नाम से स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के पास खसरा नम्बर 575 की 1.90 हैक्टेयर भूमी राजस्व रिकॉर्ड अनुसार गै. मु. चारागाह की भूमी है जो कि नगर विकास न्यास (वकळ) सवाई माधोपुर के नाम दर्ज है, ग्राम वाशियो के अनुसार इस सरकारी भूमी पर ग्राम के ही कुछ दबंग लोगों ने अतिक्रमण कर अवैध कब्जा किया हुआ है, इसकी सूचना उन्होंने आज हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया एवं राजस्थान प्रभारी जितेन्द्र सिंधी जीतू भईया को दी जिस पर उन्होंने तुरंत इस बाबत सवाई माधोपुर के जिला कलेक्टर एवं चैयरमैन यूआईटी, पुलिस अधीक्षक तथा सचिव यूआईटी को लिखित शिकायतें ई मेल द्वारा जमाबंदी एवं हल्का पटवारी की रिपोर्ट की प्रति संलग्न कर भेजी है और तत्काल उक्त भूमि से अतिक्रमण हटवाने की तथा अवैध कब्जा करने एवं करवाने वालों के विरुद्ध कानूनी एवं विभागीय कार्यवाही करने हेतु भेजा है, राजा भईया ने शिकायत की प्रति एवं पटवारी रिपोर्ट की प्रति पत्रकारों को देते हुऐ बताया कि बिना संबंधित विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से इस प्रकार सरकारी भूमी पर अतिक्रमण होना असंभव है इस अवैध अतिक्रमण से यहां मंदिर में आने जाने वाले श्रद्धालुओं को भी आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है,पटवारी रिपोर्ट में स्पष्ट लिखा है कि उक्त भूमि पर लोगों ने अतिक्रमण कर अवैध कब्जा किया हुआ है और यह भूमि यूआईटी के नाम दर्ज है जिसे मुक्त करना यूआईटी की जिम्मेवारी है, अब देखना होगा कि संबंधित अधिकारी कब तक इस सरकारी भूमी से अवैध अतिक्रमण को हटवा कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करते हैं।

# लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर तिलोई विधानसभा में जन एकता यात्रा का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**तिलोई, अमेठी।** भारत के लौह पुरुष और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर तिलोई विधानसभा क्षेत्र में ह्लजन एकता यात्राह्व का भव्य आयोजन किया गया। यह यात्रा शाह मऊ से प्रारंभ होकर बहादुरपुर तक निकाली गई। यात्रा में हजारों कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, और पूरे मार्ग में एक भारत श्रेष्ठ भारतह्व के नारों से वातावरण गूंज उठा।

बहादुरपुर पहुंचने पर यात्रा का समापन ब्लॉक परिसर में आयोजित एक विशाल जनसभा के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने सरदार पटेल जी के आदर्शों और उनके योगदान को नमन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह उपस्थित रहे।साथ ही भारतीय जनता पार्टी अमेठी के यशस्वी जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला तथा पूर्व जिलाध्यक्ष दयाशंकर यादव ने भी सभा को संबोधित किया।

वक्ताओं ने अपने उद्बोधनों में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल जी ने देश की 562 रियासतों का एकीकरण कर भारत की अखंडता और एकता को सुदृढ़ किया। उनके आदर्श आज भी हमें प्रेरणा देते हैं कि हम समाज और राष्ट्र की एकता को सर्वोपरि रखें।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, तिलोई के ब्लाक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह मुन्ना, भवानी दत्त दीक्षित, राकेश त्रिपाठी, विषुव मिश्रा, सोनू सिंह, पंडित राम उंजेरे शुक्ला सहित सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं हजारों की संख्या में प्रतिभागी एवं सभा में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने रन फॉर यूनिटी के माध्यम से एकता का संदेश दिया और संकल्प लिया कि वे समाज में भाईचारे, सद्भाव और राष्ट्रीय एकता के मूल्यों को आगे बढ़ाएंगे।

## चकरोड से गुजरने पर किसान के साथ हुई मारपीट

**कांधला (मोहसिन रहमानी)।** थाना क्षेत्र के गांव डून्डूखेडा निवासी एक किसान ने गांव के दो लोगों पर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने का आरोप लगाकर थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव



डून्डूखेडा निवासी किसान ब्रह्मपाल ने बताया कि वह अपने खेत से गन्ना छिलाई करने के बाद अपनी ट्रैक्टर ट्राली में भरकर आ रहा था। पीड़ित का आरोप है कि गांव के दो लोगों ने सरकारी चकरौड पर ट्रैक्टर ट्राली लाने पर पीड़ित के साथ गाली गलौज कर दी और दोबारा से चकरोड से गुजरने पर अंजाम बुगतने की धमकी दी है। पीड़ित ने जब दोनों लोगों का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ जमकर मारपीट की और उसे घायल कर दिया।

# ब्लाक स्तरीय विज्ञान-गणित क्विज में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दम

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा।** खंड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार के मार्गदर्शन में बीआरसी केंद्र नेकपुर पर ब्लाक स्तरीय विज्ञान और गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विकास खंड भगतपुर टांडा के सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों से आए 102 छात्र-छात्राओं ने इसमें भागीदारी की।

प्रतियोगिता में 25 प्रश्नों का पेपर दिया गया। सुबह 11 बजे परीक्षा शुरू हुई और एक घंटे का समय निर्धारित था।चयनित अध्यापकों ने पारदर्शी तरीके उत्तरपुस्तिकाओं की जांच की। इसके बाद सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 25 छात्र-छात्राओं को चिह्नित कर पांच ग्रुपों में बांटा गया। ग्रुप स्तर पर फिर मुकाबला हुआ, जिसमें टॉप-10 ने बाजी मारी।टॉप-10 विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। टॉप-25 में जगह बनाने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल, प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

टॉप-10 में से पांच छात्र जिला स्तर पर मॉडल प्रतियोगिता और पांच आविष्कार/विज्ञान क्विज में भाग लेंगे। प्रतियोगिता परीक्षा पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई।

कार्यक्रम को सफल बनाने में एआरपी विनय कुमार, श्रवण कुमार, नवनीत कुमार विश्नोई, पारुल जैन, मौहम्मद तकी, वसीम राजा, विनय कुमार सिंह, सुभाष चन्द्र,शमीम अहमद बेग और सतवीर सिंह आदि का योगदान रहा।संचालन सौरभ प्रसून ने किया।

## सार संक्षेप

### 5 हजार का इनामी वांछित अभियुक्त अवैध गाँजा के साथ गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** थाना दुधारा पुलिस ने 25 हजार का इनामी अभियुक्त जो थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र मे माह सितम्बर मे अवैध गाजां के साथ पकड़े गये थे उक्त अभियोग मे अभियुक्त सदरे आलम पुत्र जमालुद्दीन साकिन मदारपुर थाना दुधारा मौके का फायदा उठाकर भाग गया था तभी से मु0अ0स0 837/2025 धारा 8/20 ठऊढर एक्ट थाना कोतवाली खलीलाबाद मे वांछित चल रहा था । सोमवार को अभियुक्त सदरे आलम पुत्र जमालुद्दीन साकिन मदारपुर थाना दुधारा को दुधारा पुलिस और स्वाट टीम प्रभारी निरीक्षकः श्री अरविन्द शर्मा (वादी), वरि0 उ0नि0 राजीव कुमार सिंह, हे0का0ः उदयभान यादव का0 अमरजीत यादव, हे0का0 (चालक) प्रमोद कुमार सिंह (वाहन सं0 वढ58ॠ0223) जनपदीय रडॠ/स्वाट टीम के प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह, हे0का0ः बृजकिशोर गुप्ता, हे0का0ः विवेक कुमार राय, का0ः सर्वेश मिश्रा, दीपक सिंह, शुभम कुमार, वीरबहादुर यादव, विवेक मिश्रा व अरुण कुमार हलवाई ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 11 किलो 700 ग्राम अवैध गांजा के साथ बहद ग्राम छपिया छितौना मोड़ के पास समय 03.45 बजे गिरफ्तार किया है।जिसके क्रम मे अग्रिम कार्यवाही करते हुए मु0अ0स0 मु0अ0स0 391/2025 धारा 8/20 ठऊढर एक्ट बनाम सदरे आलम पुत्र जमालुद्दीन साकिन मदारपुर थाना दुधारा जनपद संतकबीर नगर के पंजीकृत किया गया उक्त मुकदमे की विवेचना उ0नि0 अनिल कुमार मिश्रा द्वारा सम्पादित की जा रही है , विवेचना के क्रम मे अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय भेज दिया।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



**वेलकम इंडिया फतेह खान**

**रुदौली (अयोध्या)।** महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के तहत रुदौली में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 की जोरदार शुरूआत हुई। राजकीय हाई स्कूल बहरास में सोमवार को महिला उपनिरीक्षक दीपशिखा सिंह व स्तुति गुप्ता ने छात्राओं व महिलाओं को जागरूक किया अभियान के दौरान छात्राओं को 1090, 112, 1930, 102, 108, 1076 जैसे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव, आत्मरक्षा और पुलिस सहायता के तरीकों पर विस्तार से बताया गया।महिला पुलिसकर्मियों ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में महिलाएं बिना डर के तुरंत हेल्पलाइन या पुलिस से संपर्क करें। इस दौरान छात्राओं ने भी अपनी समस्याएं साझा कीं और महिला सुरक्षा को लेकर कई सवाल पूछे विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षकों व छात्राओं ने मिशन शक्ति के तहत महिला सम्मान झ्र प्रदेश अभिमान का संकल्प लिया।

### किशोरी पर फब्तियां, विरोध पर दी जान से मारने की धमकी

**कांधला।** कस्बा निवासी एक युवक ने पड़ोसी पर उसकी बहन के साथ अश्लील टिप्पणी करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।नगर के मौहल्ला मौलानान निवासी नदीम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन अपने मकान की छत पर टहल रही थी। इसी दौरान सामने वाले मकान में रहने वाले पड़ोसी ने उसकी बहन पर अश्लील फब्तियां कसीं। नदीम का आरोप है कि जब उसने विरोध किया तो पड़ोसी ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।पीड़ित ने आरोपी पड़ोसी पर कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मथुरा के समस्त ब्लॉकों पर रोजगार मेले का आयोजन

**मथुरा।** मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने अवगत कराया है कि जनपद मथुरा में बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से समस्त ब्लॉकों पर रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। एसआईएस सिक्यूरिटी समस्त ब्लॉकों में भर्ती शिविर लगाएगी। दिनांक 13 नवंबर को राया ब्लॉक, 14 नवंबर को मांट ब्लॉक, 17 नवंबर को नौहझील ब्लॉक, 18 नवंबर को बलदेव ब्लॉक, 19 नवंबर को फरह ब्लॉक, 20 नवंबर को मथुरा ब्लॉक, 21 नवंबर को चौमुंहा, 24 नवंबर को छाता ब्लॉक, 25 नवंबर को गोवर्धन ब्लॉक तथा 26 नवंबर को नंदगांव ब्लॉक में भर्ती शिविर लगेंगे।

# हाईवे किनारे मिला वृद्ध व्यक्ति का संदिग्ध परिस्थितियों में शव

**वेलकम इंडिया**



**कांधला।(मोहसीन रहमानी)** थाना क्षेत्र में दिन निकलते ही सनसनी फैल गई दिल्ली सहारनपुर हाईवे स्थित गांव नानू पुरी के समीप एक वृद्ध व्यक्ति का शव सड़क किनारे मिलने से मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कर पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है।

सोमवार सवेरे थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर हाईवे स्थित गाव नानूपुरी के समीप सड़क के किनारे एक वृद्ध व्यक्ति का शव पड़ा हुआ था और मृतक के निकट एक स्कूटी और एक बैग रखा हुआ था। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई आसपास के लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। दिन निकलते ही अज्ञात शव मिलने की सूचना से पुलिस विभाग में हड़कंप की स्थिति बन गई। मौके पर क्षेत्राधिकारी श्याम सिंह थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार, पुलिस बल के साथ पहुंचे मृतक की पहचान का प्रयास किया।

मृतक व्यक्ति की जेब से मिले आधार कार्ड से पहचान 60 वर्षीय जाहिद पुत्र उम्रदराज निवासी नजीबाबाद बिजनौर के रूप में हुई। पुलिस ने मामले की जानकारी मृतक के परिजनों को दी, मृतक की पत्नी शहनाज के द्वारा बताया गया कि उसका पति मछली का कारोबार करता था और स्कूटी पर सवार होकर किसी कार्य से क्षेत्र में आया हुआ था। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए सैंपल जुटाए। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर चनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया। क्षेत्राधिकारी श्याम सिंह के द्वारा बताया गया कि संभावत मृतक व्यक्ति की ठंड लगने के बाद हार्ट अटैक से मौत होने की आशंका है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

## पति और सास पर दहेज में पाँच लाख की मांग का आरोप

**बरेली।** दहेज के लालच में एक विवाहिता को प्रताड़ित करने और मायके से रुपये लाने के लिए दबाव बनाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि पति और सास लगातार उसे मारते-पीटते रहे, और उसके बाद नौ वर्षीय बेटी से अलग कर उसे मायके छोड़ गए। मामला थाना प्रेमनगर क्षेत्र का है। पीड़िता हिमानी अग्रवाल पत्नी अंकित अग्रवाल निवासी 271 शिव विहार कॉलोनी, बानखाना, थाना प्रेमनगर, बरेली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 6 जून 2015 को हिंदू रीति-रिवाज से अंकित अग्रवाल पुत्र विजय कुमार अग्रवाल निवासी 172 मदारी गेट, बड़ा बाजार, थाना कोतवाली के साथ गोल्डन फार्म में हुई थी। शादी में उसके पिता ने लगभग 25 लाख रुपये खर्च किए थे। गृहस्थी का पूरा सामान, सोने-चांदी के गहने और 10 लाख रुपये नकद दिए गए थे। शादी के कुछ साल तक सब कुछ ठीक रहा और वर्ष 2016 में बेटी अहाना का जन्म हुआ। लेकिन कोरोना काल (2020) में पति का प्रिंटिंग प्रेस का काम ठप हो गया।

## सेंट द्रोण पब्लिक स्कूल में इंटरनेशनल अकाउंटिंग डे पर अकाउंट टीम को सम्मान



**वेलकम इंडिया**

**कांधला।(मोहसीन रहमानी)** थाना क्षेत्र के कैराना रोड स्थित सेंट द्रोण पब्लिक स्कूल में सोमवार को इंटरनेशनल अकाउंटिंग डे के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। हर वर्ष 10 नवंबर को मनाया जाने वाला यह दिवस विश्वभर में अकाउंटिंग सेक्टर से जुड़े लेखाकारों और वित्तीय एक्सपर्ट्स के योगदान को समर्पित होता है।

इस दिन का उद्देश्य यह बताना है कि कारोबार और अर्थव्यवस्थाओं में पारदर्शिता, भरोसा और सतत विकास कायम रखने में अकाउंटेंट्स की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण होती है। यह दिवस नैतिक लेखा प्रणाली की जरूरत को दोबारा से रेखांकित करता है तथा वित्तीय ईमानदारी के वैश्विक महत्व को स्वीकार करता है।इसी क्रम में सेंट द्रोण पब्लिक स्कूल प्रशासन ने अपने चीफ अकाउंटिंग ऑफिसर अभय हुड्डा व अकाउंटेंट वरुण जिंदल को सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस देकर सम्मानित किया। यह सम्मान स्कूल प्रबन्धक इंजीनियर अमन शर्मा द्वारा प्रदान किया गया।

## राष्ट्रीय गौसेवा संघ के जिलाध्यक्ष मोहित चौधरी ने अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार को किया सम्मानित



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** राष्ट्रीय गौ सेवा संघ के जिला अध्यक्ष मोहित चौधरी के नेतृत्व में सोमवार को संघ के पदाधिकारी एवं गोसेवक एडीएम कार्यालय, हापुड़ पहुंचे। इस दौरान अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार को जनपद में किए गए उनके सराहनीय कार्यों के लिए गौ माता की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह के उपरांत जिलाध्यक्ष मोहित चौधरी ने बताया कि उन्होंने गौ माता से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं गोवंश संरक्षण से संबंधित मुद्दों पर भी अपर जिलाधिकारी को अवगत कराया तथा उनके निराकरण के लिए उचित कार्रवाई की अपेक्षा जताई।

इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी सचिन रावत, जिला सचिव आकाश बेनीवाल, गौ सेवक बबली चौधरी एवं गौ सेवक विशाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संदेश द्वारा विद्यालय का कायाकल्प कार्य सराहनीय योग्य बालियान




**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़।** जनपद के पीएनबी फाइनेंस के आर्थिक सहयोग से सस्टेनेबल डेवलपमेंट सोसाइटी (संदेश) द्वारा परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज केला भट्टा व मकनपुर में कराये गए कायाकल्प का लोकार्पण मुख्य अतिथि पीएनबी फाइनेंस के रीजनल बिजनेस हेड अमित बालियान व संदेश की सचिव पूनम सिंह परिहार ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित व फीता काटकर किया।

कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि पीएनबी फाइनेंस के रीजनल बिजनेस हेड अमित बालियान ने संस्था द्वारा किए गए कार्यों को प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्था द्वारा विद्यालय के किये गये सभी कार्य प्रशंसा के काबिल है। संस्था द्वारा कराएं गए कार्य सराहनीय है। संस्था को अन्य विद्यालयों को चिन्हित कर इस तरह के कार्य करते रहना चाहिए। पीएनबी फाइनेंस के सीएसआर द्वारा केला भट्टा में पाँच कमरों का नवीनीकरण, बाला पेंटिंग, दीवार लेखन, दो नये शौचालय, 12 शौचालयों का नवीनीकरण, गृह विज्ञान प्रयोगशाला, हुनर विकास के लिए दस सिलाई मशीन, डेस्क बेंच व मकनपुर में छः यूनिट नये शौचालय व शेड सहित स्टेज को बनाने का कार्य किया गया है।

इस अवसर पर पीएनबी फाइनेंस से अभिषेक अग्रवाल, अंजलि, धीरेंद्र शर्मा, मनीष कुमार, मनीष कुमार झा, सुमित गर्ग, सिवाम बाजपेई, अमित मित्रा, संजू धीमान, दीपा जेन, संगीता चहल, गिरिजेश मणि त्रिपाठी हिमोज्योति, संदेश के सहायक प्रबन्धक राहुल सक्सेना, परियोजना समन्वयक संजीव भारद्वाज, सुमित राणा, वरिष्ठ लेखाकार शिवचेत तोमर, एकाउंट ऑफिसर मधुर जैन, अनुराग, सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संजीव भारद्वाज ने किया।

## पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्व दवन सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना बखिरा उ0नि0 सुरेन्द्र कुमार सिंह, का0 प्रवेश यादव, का0 सूरज रावत ने मु0अ0सं0 423/2025 धारा 108, 352 बीएनएस मे वाँछित अभियुक्त सोनू पुत्र राजकुमार निवासी मेड़रापार थाना बखिरा को बखिरा पक्षी विहार गेट बखिरा सहजनवा मार्ग के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि वादिनी द्वारा दिनाँक 07.11.2025 को थाना बखिरा पर प्रार्थना पत्र दिया कि वादिनी की पुत्री संगीता की शादी अभियुक्त सोनू उपरोक्त से हुयी थी, अभियुक्त सोनू उपरोक्त आये दिन अपनी पत्नी (वादिनी की पुत्री) से वाद विवाद करता, मारपीट करता और बच्चों से मिलने नही देता था ।दिनाँक 02.11.2025 को भी अभियुक्त उपरोक्त द्वारा अपनी पत्नी (वादिनी की पुत्री) को बुरी तरह मारा पीटा गया तथा आत्महत्या के लिए उकसाया गया ।

## भाकियू की मासिक पंचायत में उठा आवारा पशुओं का मुद्दा सौंपा ज्ञापन

**औरंगाबाद/ बुलंदशहर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक की मासिक पंचायत सोमवार को ब्लॉक मुख्यालय लखावटी पर संपन्न हुई। बैठक में किसानों ने आवारा पशुओं द्वारा खेतों में घुस कर फसलों को नुक्सान पहुंचाने का मामला जोर शोर से उठाया और शसन प्रशासन से आवारा पशुओं से निजात दिलाने की मांग की। बैठक में पशुओं में फैली बीमारियों की भी चर्चा हुई। पशु चिकित्सक ने मौके पर पहुंचकर किसानों को पशुओं की बीमारियों के उपचार सुझाये। बैठक के उपरांत किसानों ने पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। अध्यक्षता जीत सिंह पिपाला ने की तथा संचालन हरबीर सिंह गंगहारी ने किया। बैठक में अनेक किसान मौजूद रहे।

### संतकबीरनगर जिले का एक गांव ऐसा भी

# ग्राम प्रधान अफजाल अहमद ने 15 वर्षों में बदल दी तस्वीर

**वेलकम इंडिया/ मुहम्मद परवेज अख्तर**




**संतकबीरनगर।** आज हम एक ऐसे गांव की बात करेंगे जहां गंदगी का अम्बार लगता था। गंदगी के नाम से गांव को पहचाना जाता था। बीएसटी मार्ग से आने जाने वाले लोग मूंह पर कपड़ा बांध कर निकलते थे। गांव के एक हाफिज व आलिम ने गांव की हालत को बदलने के उठ खड़ा हुआ। मैं उस महान व्यक्ति अफजाल अहमद नदवी की बात कर रहा हूं। अफजाल नदवी ने 1988 गांव छोड़कर शिक्षा ग्रहण करने के लिए लखनऊ चले गये। 1989 में कुरान पाक हिफ्ज 1990 पूरा किया। उन्होंने ने 1998 आलमियत का कोर्स पूरा किया। 1998-99 में लखनऊ विश्वविद्यालय से आलिम व फाजिल-ए-अदब की डिग्री हासिल किया। गैर राजनीतिक व्यक्ति आलिम ने गांव की तस्वीर बदलने के लिए 2010 में प्रधानी चुनाव लड़ा । 2010 में पहली बार प्रधान बने तो गांव की सभी सड़कों को ठीक कराया। साथ ही बीएमसीटी मार्ग पर गंदगी को खत्म करने के लिए घर-घर शौचालय बनाया। खुले में शौच को रोकने के लिए पहरा लगा दिया। कीचड़ युक्त जलजमाव व गंदगी को खत्म किया।

प्रधान के सराहनीय कार्य को देखते हुए केंद्र सरकार ने 24 अप्रैल 2016 को पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार, प्रदेश सरकार ने 19 दिसंबर 2016 को रानी लक्ष्मीबाई बीरता पुरस्कार, 18 जुलाई 2016 को प्रमुख सचिव पंचायत राज विभाग चंचल तिवारी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पुरस्कार मिलने व गांव में उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री के डिनर में शामिल हुए थे।

ग्राम प्रधान के उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए 2015 में ग्राम प्रधान अफजाल अहमद की पत्नी आलिया खातून को ग्रामीणों ने जनपद की पहली निर्विरोध प्रधान चुना। पांच वर्षों तक गांव चौमुखी विकास किया। 2021 के आम चुनाव में एक बार फिर ग्रामीणों ने भारी मतों से अफजाल को प्रधान पद के लिए चुन लिया। दो वर्ष के उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया। 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीपति के डिनर शामिल हुए। शानदार शौचालय निर्माण पर 2024-25 को विश्व शौचालय दिवस पर मुख्य विकास अधिकारी ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया था। इस के अलावा गांव को अग्रणी बनाने के लिए शासन ने ग्राम प्रधान को 7 मार्च 2025 तेलंगाना एक्सपोजर विजिट के लिए भेजा। एक्सपोजर विजिट से लौटने व सम्मान मिलने के बाद ग्राम प्रधान ने दोहरी मेहनत से कार्य शुरू किया। उन्होंने ने गांव पहचान देने के लिए बीएमसीटी मार्ग पर डिजिटल प्रवेश द्वार बनाया, गांव ? के पूरब मथुरापुर रोड पर भव्य गेट का निर्माण कराया साथ ही जनपद का पहला सेल्फी पोवाइंट का निर्माण कराकर युवाओं एक पिकनिक स्पाट बना दिया। पंचायत सचिवालय पर डिजिटल बोर्ड लगाकर गांव की पहचान दिया।

# जिलाधिकारी ने गरुड़ तहसील में जनता दरबार लगाकर सुनी समस्याएं

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** गरुड़ तहसील में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में जनता दरबार आयोजित किया गया। डीएम आकांक्षा ने सभी फरियादियों की समस्याओं को सुना और प्राथमिकता के आधार पर अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। डीएम ने जनता दरबार के साथ-साथ सीएम हेल्पलाइन, हेलो बागेश्वर तथा अन्य स्त्रोतों से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा भी की।

जनता दरबार में 72 शिकायतें दर्ज हुईं।ब्लाक प्रमुख किशन बोरा ने जिलाधिकारी से विकासखण्ड के समुचित विकास और जनसमस्याओं के समाधान में सभी विभागीय समस्याओं के समाधान में सहयोग की अपील की।साथ ही कभी कभार अधिकारियों द्वारा जनता की समस्याओं के समाधान की जानकारी लेने पर फोन नही उठाने की बात कही।जिस पर जिलाधिकारी ने



सभी जनप्रतिनिधियों को जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा जनसमस्याओं के समाधान में आवश्यक सहयोग देने के निर्देश दिए। फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए कुशल प्रशासक के रूप में जनसमस्याओं को सुना और उन्हें समाधान हेतु आश्वस्त किया।डीएम के सौम्य और जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करने की शैली की फरियादियों ने सराहना की।डीएम ने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए, तथा प्रत्येक शिकायत के समयबद्ध निस्तारण हेतु टाइमलाइन निर्धारित की गई।

प्राप्त शिकायतों में मुख्यतः पेयजल, बिजली, आपदा प्रबंधन, शिक्षा, भूमि विवाद, सड़क संपर्क, स्वास्थ्य एवं कृषि विभागों से संबंधित थीं। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद के सभी विद्यालय, अस्पताल, पीएचसी, सीएचसी एवं आंगनवाड़ी केंद्रों की कनेक्टिविटी स्थिति (सड़क, बिजली, पानी आदि) का विवरण निर्धारित प्रारूप में मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी पात्र व्यक्ति को मुआवजे में देरी नहीं होनी चाहिए, और अधिकारियों को फील्ड में सक्रिय रहते हुए जनता की समस्याओं को सुनने एवं समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक विभाग को शिकायत पंजी संधारित कर नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में कोताही बरतने वाले अधिकारियों को बख्शा नही जाएगा। सभी विभाग प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध तरीके से समाधान करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन एवं हेलो बागेश्वर में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की और निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत लंबित न रहे। उन्होंने विभिन्न माध्यमों से प्राप्त नकारात्मक समाचारों का भी संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों से तथ्यपरक रिपोर्ट एवं आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।इस दौरान अनुपस्थित अधिकारी के संबंध में स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश भी जिलाधिकारी द्वारा दिए गए।

## पूर्व राष्ट्रीय महिला आयोग सदस्य की कार का शीशा तोड़कर 15 लाख की ज्वैलरी चोरी

**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में रविवार रात एक हाई-प्रोफाइल चोरी का मामला सामने आया है। पूर्व राष्ट्रीय महिला आयोग सदस्य शमीना शफीक की कार का शीशा तोड़कर अज्ञात चोरों ने सोने और डायमंड ज्वैलरी समेत 15 लाख रुपये से अधिक का माल पार कर दिया। वारदात उस वक्त हुई जब वे अपने परिवार के साथ चस्का रेस्टोरेंट में भोजन कर रही थीं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार शमीना शफीक पूर्व राष्ट्रीय महिला आयोग सदस्य निवासी 100 सिविल लाइंस, सीतापुर, अपने परिवार के साथ जयपुर से वापस लौट रही थीं। रास्ते में उन्होंने इज्जतनगर थाना क्षेत्र स्थित रोड किनारे चस्का रेस्टोरेंट में रुककर भोजन किया। भोजन के बाद जब वे बाहर आईं तो देखा कि उनकी कार का शीशा टूटा हुआ था। शमीना शफीक ने बताया कि कार के अंदर रखा उनका पर्स चोरी हो गया, जिसमें सोने और डायमंड की ज्वैलरी (कीमत करीब 10 से 15 लाख रुपये) और 15 से 20 हजार रुपये नकद थे।

# एसपी सिटी मानुस पारिक ने बीट पुलिसिंग को बनाया मजबूत हथियार

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** शहर में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने व अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक नगर मानुस पारिक ने सोमवार को अपने कार्यालय में नगर क्षेत्र के सभी बीट आरक्षियों व मुख्य आरक्षियों की एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की। बैठक में एसपी सिटी मानुष पारीक ने क्षेत्रीय पुलिसिंग को और सक्रिय एवं जनता के प्रति उत्तरदायी बनाने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीट पुलिसिंग ही वह कड़ी है, जो जनता और पुलिस के बीच सीधे संवाद का माध्यम बनती है। इसलिए प्रत्येक बीट आरक्षी को अपने क्षेत्र की जनता से निरंतर संपर्क बनाए रखना चाहिए। नागरिकों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित हो।



अपराध नियंत्रण पर सख्त रुख

एसपी सिटी ने कहा कि शहर में चोरी, जुआ, सट्टा, नशा तस्करी जैसी असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस को पूरी तरह सक्रिय रहना होगा। बीट स्तर पर खुफिया जानकारी जुटाकर अपराधियों पर निगरानी रखी जाए और त्वरित कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्यशैली ऐसी होनी चाहिए कि आमजन में विश्वास और सुरक्षा की भावना पैदा हो।

महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं के साथ संवाद बढ़ाकर सहयोगात्मक माहौल तैयार किया जाए। एसपी सिटी ने सभी कार्मिकों को निर्देश दिए कि रात्रिकालीन गश्त को और सघन किया जाए। संवेदनशील स्थानों, बाजारों और मुख्य मार्गों पर विशेष सतर्कता बरती जाए, ताकि किसी भी आपराधिक घटना को पहले ही रोका जा सके। इसी के साथ उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और वर्दी की गरिमा बनाए रखने की शपथ दिलाई। और कहा कि पुलिस कर्मी जनता के सच्चे सेवक के रूप में कार्य करें और बरेली को अपराधमुक्त व सुरक्षित शहर बनाने में अपना पूर्ण योगदान दें।

## सार संक्षेप

### हापुड़ में वार्ड 31 व वार्ड 10 में सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्यों का हुआ शिलान्यास



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** नगरपालिका क्षेत्र हापुड़ के वार्ड 31 स्थित देवलोक कॉलोनी एवं पंजाबी कॉलोनी में सी.सी. सड़क निर्माण कार्य तथा वार्ड 10 में नवीकरीम और मेरठ गेट पुलिस चौकी के बराबर सी.सी. सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का फीता काटकर विधिवत शिलान्यास किया गया।इस अवसर पर सभासदगणों के साथ-साथ सैकड़ों स्थानीय लोगों ने ढोल-नगाड़ों और फूलमालाओं के साथ जनप्रतिनिधियों का भव्य स्वागत किया।निर्माण कार्यों पर कुल ?58,06,167 की लागत आएगी।लोगों ने इन विकास कार्यों के लिए नगर पालिका प्रशासन का आभार जताया और क्षेत्र में आगे भी इसी प्रकार के विकास कार्य जारी रखने की मांग की।

### पुलिस ने छापा मारकर चार जुआरियों को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

बरेली। सीबीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बिबियापुर चौधरी में रविवार देर रात आम के बाग में ताश के पत्तों पर रुपयों की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे चार लोगों को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 640 रुपये नकद, 52 पत्ते ताश, एक अखबार, अधजली मोमबत्ती और माचिस बरामद की है। थाना सीबीगंज के उपनिरीक्षक मोहित शर्मा, कांस्टेबल सौरभ मलिक, ललित कुमार और अंशुल तोमर के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। गश्त के दौरान मुखबिर खास ने सूचना दी कि ग्राम बिबियापुर चौधरी में वाजिद के आम के बाग में कुछ लोग ताश के पत्तों से रुपयों की हार-जीत की बाजी लगा रहे हैं। सूचना पाकर टीम ने बाग की घेराबंदी की और पेड़ों की आड़ लेकर दबिश दी। पुलिस ने मौके से चार लोगों को गिरफ्तार किया, जो ताश के पत्तों से खेल में दांव लगा रहे थे। पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम चेतन शर्मा पुत्र जयदेव प्रसाद निवासी परधौली, राजेश पुत्र सुरेश निवासी परधौली, फरियाद पुत्र जुम्मा शाह निवासी बिबियापुर चौधरी, गंगा पुत्र नन्हे (52 वर्ष) निवासी परधौली बताया। चारों आरोपियों की जामा तलाशी में कुल 400 रुपये नकद बरामद हुए, जबकि मौके पर बिछे अखबार पर रखे 640 रुपये नकद, 52 ताश के पत्ते, एक अधजली मोमबत्ती और एक माचिस बरामद की गई। चारों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 13 जुआ अधिनियम (ऋ अू३) के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

### अज्ञात वाहन से टकराया ट्रक, खलासी की मौत

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** मिजार्मुराद क्षेत्र के ठठरा (कछवांरोड) हीरो एजेंसी के सामने हाइवे पर सोमवार की तड़के हाइवे के किनारे खड़ी ट्रक के पिछले हिस्से में प्रयागराज के तरफ से फल लादकर वाराणसी के तरफ जा रही ट्रक जा भिड़े।जिससे में बैठे खलासी मध्य प्रदेश प्रान्त के रीवा जिले के जरहा गांव निवासी मनीष यादव उम्र (22) वर्ष पुत्र राम मिलन यादव की ट्रक के केबिन में फसकर दर्दनाक मौत हो गई।वही चालक राम सेवक यादव मामूली रूप से चोटिल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे कछवांरोड चौकी गणेश प्रसाद पटेल घंटो मशक्कत करने के बाद ट्रक के केबिन को चड़वाकर खलासी के शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दी।वही घटना के बाद अज्ञात ट्रक वाराणसी के तरफ भाग निकला।



# 27वीं अंतर जनपदीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ आज




वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** जे०एम०एस० वर्ल्ड स्कूल, हापुड़ में मंगलवार को 27वीं अंतर जनपदीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता (मेरठ जोन झ 2025) का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन खेल भावना और अनुशासन के उत्कृष्ट समन्वय का प्रतीक माना जा रहा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्वाह्व 10:30 बजे होगा। समारोह के मुख्य अतिथि होंगे आईपीएस कलानिधि नथानी, डीआईजी मेरठ जोन, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में आईपीएस कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एसपी हापुड़ उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की मेजबानी डॉ. आयुष सिंघल, प्रबंध निदेशक, जे०एम०एस० ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा की जाएगी।

इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से पुलिस बल की टीमें प्रतिभाग करेंगी, जो आपसी सहयोग, खेल भावना और फिटनेस को प्रोत्साहित करने का संदेश देंगी। आयोजन समिति ने सभी मीडिया।

# पीने के पानी के लिए तरस गए डीएम साहिबा पानी दिलवा दीजिए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** कांडा तहसील का झाकरा गांव के ग्रामीणों को जलजीवन मिशन के तहत बनी लिफ्ट योजना का पानी नही मिल पाने से ग्रामीण आक्रोशित है।सूखाग्रस्त गांव में पेयजल हेतु बनाई गई लिफ्ट परियोजना से पर्याप्त पानी मिलने की उम्मीद थी।पर अब तक ग्रामीणों को योजना का समुचित लाभ नही मिल पाया है। जिससे गांव पानी के संकट से जूझ रहा है। गांव के प्राकृतिक स्त्रोत धीरे धीरे सूखने से समस्या और बढ़ गई है। पानी की समस्या का समाधान कराने के लिए ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। गांव को जल्द लिफ्ट योजना से जोड़ने की मांग की।

वक्ताओं ने कहा कि उनके गांव में नल लंबे समय से शोपीस बने हुए हैं। ग्राम प्रधान सरिता आर्या के नेतृत्व में झाकरा के ग्रामीण जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां अपनी मांगों के समर्थन में पदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि उनके गांव में पानी की लंबे समय से परेशानी चल रही है। गांव के पेयजल स्त्रोत सूखते जा रहे हैं, जबकि गांव की आबादी लगातार बढ़ रही है। इस कारण संकट और गहरा गया है। उन्होंने जल संकट दूर करने के लिए सरयू नदी से बालीघाट पेयजल लिफ्ट योजना कमेड़ीदेवी तक बन रही है। योजना से उनके गांव को भी जोड़ने की मांग की है। गांव योजना से जुड़ेगा तो पेयजल संकट भी दूर होगा। इस आशय का एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

इस मौके पर पूर्व प्रधान गिरीश जोशी, भुवन जोशी, जनार्दन जोशी, नंदाबल्लभ जोशी, मदन मोहन जोशी, हिमांशु जोशी तथा पूर्व बीडीसी सदस्य फकीर राम आदि मौजूद रहे।

## वारन्टी अभियुक्त गिरफ्तार



**हापुड़।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित/वारन्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु हापुड़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन तलाश अभियान के अंतर्गत थाना बाबूगढ़ पुलिस ने एक वारन्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, यह अभियान जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं फरार चल रहे अपराधियों को गिरफ्तार करने के उद्देश्य से लगातार चलाया जा रहा है। थाना बाबूगढ़ पुलिस टीम ने सतर्कता और कुशलता के साथ कार्रवाई करते हुए उक्त वारन्टी को पकड़ लिया।हापुड़ पुलिस अधीक्षक ने टीम की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए अभियुक्तों के विरुद्ध सतत कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

## एसएसपी के आदेश पर हुई रिपोर्ट दर्ज

**बुलंदशहर।** अहार पुलिस ने एस एस पी बुलंदशहर के आदेश पर एक पीड़ित महिला और एक पीड़ित व्यक्ति के प्रार्थना पत्र पर नरसैना क्षेत्र के चार पांच लोगों के विरुद्ध जमीन बेचने का झांसा देकर लाखों रुपए हड़पने का मामला दर्ज कराया है। स्याना निवासी पीड़ित महिला मधू रानी और जिला मेरठ के थाना किठौर के गांव शाहजहांपुर निवासी नवीन कुमार एस एस पी को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि नरसैना क्षेत्र के पांच छः लोगों ने अहार क्षेत्र के गांव औरंगाबाद ताहार पुर में एक खेत की जमीन दिखाकर रेट तय कर दिया। पीड़ितों से दो चेकों में रकम भरवा कर साइन करवा लिए गए। आरोपियों ने चेक जमा कर रकम अपने खाते में जमा करवा ली। उसके बाद स्याना तहसील में जमीन नाम भी करवा दी गई।शेष बची रकम पीड़ितों से नगद ले ली गई।जमीन खरीदने वालों ने खेत पर कब्जा कराने के लिए कहा तो टाल दिया गया।

# रसिक शिरोमणि हरिराम व्यास महाराज के प्राकट्योत्सव पर किशोर वन में किया गया उनकी समाधि का पूजन

वेलकम इंडिया

**मथुरा/वृन्दावन।** बाग बुंदेला क्षेत्र स्थित किशोर वन में चल रहे विशाखा सखी के अवतार हरित्रयी के आचार्य संत रसिक शेखर अनन्य शिरोमणि हरिराम व्यास के 515वें चतुर्दिवसीय प्राकट्योत्सव के अन्तर्गत पूज्य हरिराम व्यास महाराज की समाधि का देश-विदेश से आए सैकड़ों भक्तों-श्रद्धालुओं के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजन-अर्चन किया गया।

तत्पश्चात संतों व भक्तों के द्वारा समाज-गायन किया गया। जिसमें व्यास वाणी एवं ₹ठाकुर युगलकिशोरजी और सखियों के बीच संवाद₹ के विभिन्न पदों का संगीतमय सस्वर गायन किया।रसिक समाज गायन में हरिराम व्यास कृत ₹रतन



जटित पिचकारी भरि-भरि छिरकत चतुर सुजानि, मानहुं तरून तमालहिं लपटी, कनकलता बहुबेलि, गोरोचन मुख लेप्यो, लिखी छबीली भौंह, ये ढोटा वृषभानु राय सुवल तुम्हारी सौंहर₹, ₹देखति सोभा ब्रजपति रानी, आनन्द मन महँ होई, आजु रोहिनी भाग हमारौ, ताहिन पूजै कोई₹ आदि पदों का गायन किया गया। इससे साथ ही सरस भजन संध्या का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर श्रीमहंत बाबा फूल डोल बिहारी दास महाराज, मुखिया प्रेमदास, अलबेली शरण, प्रख्यात साहित्यकार ₹यूपी रत्न₹ डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, डॉ. भागवत कृष्ण नांगिया, प्रमुख समाजसेवी गोवर्धन दास अग्रवाल, डॉक्टर ओमजी, समाज मुखिया किशोरी शरण भक्तमाली, पण्डित जगदीश शास्त्री, डॉ. राधाकांत शर्मा, महंत मधुमंगल शरण शुक्ल, संत राधा चरण दास, आचार्य हेमकिशोर गोस्वामी, चंद्र किशोर गोस्वामी, ललित किशोर गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# कोई मरणधर्मा पुरुष अपना कल्याण चाहता है तो भगवान की कथा श्रवण करने का जीवन में अभ्यास करें



संदीप तिवारी /वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** गौर गांव (मिजार्मुराद) स्थित वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन सोमवार को कथावाचक पंडित परम्पूज्य आनंद मिश्रा ने कहां की कोई मरणधर्मा पुरुष अपना कल्याण चाहता है तो भगवान की कथा श्रवण करने का जीवन में अभ्यास करें और सत्संग की औषधी हो और कुसंग का परहेज हो तभी कल्याण हो सकता है कोई प्राणी सत्संग कितना भी करें परंतु को कुसंग का परहेज नहीं करेगा तो उसका कल्याण नहीं होगा। उन्होंने कहां की बच्चों को दिया गया धर्म का ज्ञान जीवन भर याद रहता है बच्चों को धर्म अध्यात्म का ज्ञान जरूरी दें माता-पिता की सेवा व प्रेम के साथ समाज में रहने की प्रेरणा ही धर्म का मूल है ।

इस अवसर पर सुरेश सिंह गौतम, प्रेम नाथ तिवारी, डॉ. शिवराज मिश्रा, सुरेन्द्र तिवारी, संजीव सिंह गौतम, जितेंद्र सिंह डब्लू, योगेश सिंह, अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', डॉ. विजय सिंह, मुकेश यादव, राजेश सिंह, वीरेंद्र विश्वकर्मा, रामजी यादव समेत समस्त लोग मौजूद रहे। वही कथावाचक के साथ संगीताचार्य में मयंक पांडेय, अंकित मिश्रा, अभिनव पांडेय, यश त्रिपाठी, विपिन पांडेय रहे।

# ततारपुर पुल के नीचे थाना पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** अपराध पर प्रभावी नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एसपी हापुड़ के आदेशानुसार थाना देहात प्रभारी निरीक्षक पटनीष कुमार यादव के नेतृत्व में सोमवार को ततारपुर पुल के नीचे सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।चेकिंग के दौरान आने-जाने वाले वाहनों, संदिग्ध व्यक्तियों तथा दोपहिया वाहनों की गहन जांच की गई।

थाना प्रभारी पटनीष कुमार यादव ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाना एवं क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना है।पुलिस टीम ने इस



दौरान बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों, बिना हेलमेट चलने वालों तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी। अभियान के चलते आमजन में सुरक्षा की भावना एवं अपराधियों में भय का वातावरण देखा गया।

# यमुना पूजन कर ब्रज चौरासी कोस दर्शन यात्रा का शुभारंभ, हुआ भव्य स्वागत

वेलकम इंडिया

**मथुरा/वृन्दावन।** धर्म नगरी वृन्दावन धाम में अखिल भारतीय श्रीपंच राधावल्लभीय निमोर्ही अखाड़ा बड़ा रासमण्डल के श्रीमहंत लाड़ली शरण महाराज के पावन सानिध्य में सोमवार के दिन यमुना पूजन कर अष्ट दिवसीय ब्रज चौरासी कोस दर्शन यात्रा का शुभारंभ किया गया, शोभायात्रा में गाजे-बाजे की धुन पर श्रद्धालु जमकर थिरके एवं जगह-जगह पर ब्रजवासियों ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। बड़ा रासमण्डल के श्रीमहंत लाड़ली शरण महाराज ने बताया कि अष्ट दिवसीय ब्रज चौरासी कोस दर्शन यात्रा में देश-विदेश से भक्तजन आए हुए हैं, जो ब्रज चौरासी



कोस यात्रा करने के लिए काफी उत्साहित हैं।

ब्रज चौरासी कोस यात्रा करने से मनुष्य को चौरासी लाख योनियों के चक्र से मुक्ति मिलती है, ब्रज चौरासी कोस दर्शन यात्रा उन सभी स्थानों से होकर गुजरती है, जहां भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी बाल लीलाएं कीं। यह यात्रा भक्तों को भगवान के प्रति अपनी भक्ति और श्रद्धा व्यक्त करने का अवसर देती है एवं यात्रा के दौरान भक्त का मन और शरीर शुद्ध होता है, जिससे मन को भी शांति मिलती है। ब्रज चौरासी कोस दर्शन यात्रा ब्रज की सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहरों को जीवंत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# महापौर एवं नगर आयुक्त ने की विभागीय समीक्षा बैठक

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** महापौर अशोक कुमार तिवारी व नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने दस नवम्बर सोमवार को नगर निगम के विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक की गयी बैठक में महापौर के द्वारा सभी अधिकारियों को बताया गया कि आगामी 16 नवम्बर से सौ वार्ड,सौ दिन का अभियान शुरू किया जायेगा जिसमें उनके द्वारा स्वंय अब तक किये गये कार्यो का निरीक्षण व सत्यापन किया जायेगा जिसमें यह परखा जायेगा कि इन वार्डो में कितने कार्यो का शिलान्यास किया गयो कितने कार्य प्रारम्भ कर दिये गये हैं,कितने कार्य शुरू नही किये गये हैं तथा कार्यो की पूर्ण करने की तिथि क्या है?? साथ ही किये जा रहे कार्यो की गुणवत्ता की जॉच भी की जायेगी यह निरीक्षण सामान्य अभियन्त्रण विभाग के अन्तर्गत बनने वाले कार्यो,जलकल विभाग के कार्यों,स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत सफाई व्यवस्था एवं सफाई कर्मियों की उपस्थिति,मार्ग प्रकाश का सत्यापन,कितने जल रहें हैं कितने बन्द है,वार्डो में स्थित तालाबों,कुण्डों, जलाशयों,कु ओं,पार्कों,वृक्षारोपण इत्यादि का निरीक्षण किया जायेगो

समीक्षा बैठक में लगाये गये वृक्षों के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी जिसमें संयुक्त नगर आयुक्त कृष्ण चन्द्र ने बताया कि लक्ष्य के अनुरूप 20 हजार वृक्षों को जीपीएस के साथ लगाया जा चुका है इस सम्बन्ध में महापौर के द्वारा निर्देशित किया गया कि विगत वर्षो में तथा इस वर्ष में लगाये गये कुल वृक्षों का विवरण वार्डवार तैयार कर लें जिससे उनका निरीक्षण किया जा सके तथा उसकी देख रेख के लिये पानी देने की व्यवस्था समय-समय पर किया जाये एजेन्सी के माध्यम से पार्कों के रख-रखाव हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये गये

महापौर के द्वारा निर्देशित किया गया कि नगर निगम वाराणसी में आईजीआरएस अधिक की संख्या में आ रहे हैं इस सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि सभी विभाग ऐसा कार्य न करें जिससे आम नागरिकों को आईजीआरएस के अन्तर्गत शिकायत करना पड़े।

राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में निर्देशित किया गया कि रानी का तालाब, सारंग तालाब,सोनिया तालाब,अगस्त कुंडा तालाब,कुरूक्षेत्र तालाब,अस्सी क्षेत्र में स्थित तालाब,जुता मार्केट इत्यादि स्थानों पर विभिन्न विभागों में लम्बित वादों का त्वरित गति से निस्तारण करायें साथ ही वरिष्ठ एवं योग्य अधिवक्ताओं का पैनल बनाकर प्रभावी पैरवी कर प्रकरण को निस्तारण करायें साथ ही निर्देशित किया गया कि आगामी 31 दिसम्बर तक पूर्व से चिन्हित विभिन्न स्थानों पर 80 बीघा को कब्जामुक्त करते हुये बैरेकेटिंग करायें।

## ऋषि मांडवी जोन में भवनों के पंजीकरण का कार्य शुरू,724 भवनों के सर्वे का कार्य पूर्ण

**वाराणसी।** ऋषि मांडवी जोन अंतर्गत नवविस्तारित क्षेत्र में अनावासीय भवनों के सर्वेक्षण के उपरांत नोटिस निर्गत की जा रही है जिसके क्रम में भवन स्वामियों को आपत्ति के लिए 15 दिन का समय दिया जा रहा है भवन स्वामियों के द्वारा नोटिस प्राप्ति के उपरांत यदि कोई आपत्ति है तो ऋषि मांडवी जोन पर अपनी आपत्ति दर्ज कराये जिससे भवन स्वामी के नाम पंजीकरण के साथ गृहकर की कार्यवाही की जा सके समयांतर्गत आपत्ति ना आने की स्थिति में प्रस्तावित वार्षिक मूल्यांकन नगर निगम अभिलेखों में दर्ज कर दिया जाएगा जिससे समस्त उत्तरदायित्व स्वयं भवन स्वामी का होगा साथ ही आवासीय भवनों के पंजीकरण का भी कार्य किया जा रहा है ऋषि मांडवी जोन में क्रमशः बाजरडीहा,तुलसीपुर, मण्डुआडीह,कंदवा,करौंदी,सुसुवा हीं,मढ़ौली,लोहता,ककरमत्ता तथा शिवदासपुर वार्ड सम्मिलित हैं।

## कृष्ण जन्मभूमि पूर्ण वैभव को प्राप्त कर अवश्य मुक्त होगी : धीरेंद्र शास्त्री

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि मस्जिद विवाद के मुख्य हिंदू पक्ष कार दिनेश फलाहारी बागेश्वर पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री द्वारा निकाली जा रही सनातन हिंदूएकता पदयात्रा मैं पलवल में शामिल हुए ,पदयात्रा में दिनेश फलाहारी के शामिल होते ही संपूर्ण जनमानस में हर्ष व्याप्त हो गया। यात्रा में चल रहे हिंदू जन मानस ने *अयोध्या हुई हमारी है अब मथुरा की बारी है* के नारे लगाए। यात्रा 4 किलोमीटर के लगभग आगे बड़ी वहां पर स्थानीय इंटर कॉलेज में हजारों की संख्या में उपस्थित सभा को संबोधित करते हुए बागेश्वर सरकार धीरेंद्र शास्त्री ने दिनेश फलाहारी को साथ लेकर मंच से संबोधित करते हुए कहा कि हमारे फलाहारी जी की तपस्या व्यर्थ नहीं जाएगी और योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण की जन्मभूमि से मुगलकालीन इस्लामिक स्मारक हटेगी। उन्होंने दिनेश फलाहारी की प्रशंसा करते हुए उपस्थित जनसमूह से परिचय कराते हुए कहां कि हमारे फलाहारी 4 वर्षों से नंगे पैर एवं अन्न त्याग कर धर्म युद्ध को लड़ रहे हैं, इनका त्याग व्यर्थ नहीं जाएगा। अयोध्या के बाद अब मथुरा में भी भव्य एवं दिव्य मंदिर बनकर रहेगा, मंच से संबोधन करते हुए पं दिनेश फलाहारी ने कहा कि

मेरे ऊपर सभी संतो की एवं बागेश्वर सरकार की पूर्ण कृपा है, समस्त हिंदू जनमानस के सहयोग एवं आशीर्वाद से यह कठिन कार्य भी एकदम सुगम होगा ,हमने न्यायालय में संपूर्ण पत्रावली दर्ज करा दी है ,हमें न्याय अवश्य मिलेगा ।संपूर्ण भारतवर्ष में श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास जन जागरण के माध्यम से चेतना का संचार कर रहा है,

इस अवसर पर पूज्य बागेश्वर सरकार ने दिनेश फलाहारी के उस आग्रह को स्वीकार किया जिसमें उन्होंने मुसलमानों को यात्रा में ब्रज में प्रवेश न कराया जाए ,उन्होंने दलील देते हुए कहा कि इससे उन बृजवासियों की भावनाएं आहत होंगी जो श्री कृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति के लिए लगे हुए हैं, उन्होंने सहस्त्र स्वीकार करते हुए ब्रज में मुसलमानों को न लाने की बात कही।

## दशरथ कैकयी संवाद में भावविभोर हुए दर्शक



**धरमघर, पीएल वर्मा।** बागेश्वर पिथौरागढ़ जिले कि सीमा पर स्थित दोनों जिले के लोगों की रामलीला को देखने हेतु दूरदराज क्षेत्रों से दर्शक रामलीला देखने पहुंच रहे हैं ।धरमघर चतुर्थ दिन की लीला ? में अयोध्या से जनकपुरी में राजा दशरथ बारात ले जाना,सीता राम के वैदिक मंत्रोचार के साथ विवाह,के साथ जनकपुरी में राम लक्षमण के साथ भरत शत्रुधन का भी विवाह , कैकयी मंथरा संवाद,दशरथ कैकयी संवाद,के साथ लीला का समापन। दर्शकों ने कैकयी मंथरा संवाद,दशरथ कैकयी के जीवंत अभिनय को खूब सराहा, दशरथ की भूमिका में सुनील जोशी,कैकयी की भूमिका में अंजू कार्की,मंथरा अध्यक्ष मनोहर पंचपाल रहे ।आज की लीला के मुख्य अतिथि चौकोड़ी के प्रधान मनोज सानी व विषिष्ट अतिथि विनोद कार्की हें ।इस अवसर पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता हरीश जोशी ,प्रधान नागिलागांव महिपाल राम ,ब्यवस्थापक शेखर जोशी ,कोषाध्यक्ष गोविंद सिंह,मेकप मास्टर भग्गू लस्पाल,अंजलि जोशी,वयोवृद्ध सेवानिवृत अध्यापक ईश्वरी दत जोशी ,नवीन जोशी,देवसिंह कोरंगा,प्रधान गोकुल पंचपाल,चेतन धर्मशक्तू बिनोद पंचपाल ,हेमू राठौर, राज्य आंदोलनकारी गंगा सिंह पांगती मौजूद थे।

## मार्च 2026 में 21 जोड़ों का सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा



**सनी कुमार केसरवानी**

**प्रयागराज।** समाजसेवा के क्षेत्र में पिछले 17 वर्षों से निरंतर कार्यरत कल्याणी लोक सेवा समिति प्रयागराज की अध्यक्षा रुपाली अवस्थी एवं कोषाध्यक्ष सचिन निषाद के नेतृत्व में संस्था ने अब तक प्रयागराज में अनेक गरीब एवं जरूरतमंद कन्याओं का सामूहिक विवाह सफलतापूर्वक संपन्न कराया है। संस्था न केवल विवाह कार्य में सहयोग कर रही है, बल्कि जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा, महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए स्वरोजगार प्रशिक्षण, एवं बुजुर्गों के लिए वृद्धाश्रम की स्थापना जैसी मानवीय सेवाओं में भी निरंतर अग्रसर है। इस वर्ष संस्था द्वारा मार्च 2026 में 21 जोड़ों का सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जा रहा है, जिसकी तैयारियाँ पूरे जोर-शोर से चल रही हैं। किसी भी समाज के वर-वधू के माता-पिता रजिस्ट्रेशन हेतु संस्था के कार्यालय, बलुआ घाट चौराहा, प्रयागराज पर संपर्क कर सकते हैं। संस्था की अध्यक्ष रुपाली अवस्थी ने बताया कि ह्लयह आयोजन समाज में प्रेम, समानता और एकता का प्रतीक है। सभी सामाजिक बंधु-बांधव इस पुण्य कार्य मे सहयोग देकर इसकी हिस्सा बने।

## गेस्ट टीचर ने की आत्महत्या



**बागेश्वर।** कोतवाली अंतर्गत मंडलसेरा निवासी एक गेस्ट टीचर नेअज्ञात कारणों से आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार राबाइंका बागेश्वर में गेस्ट टीचर मंडलसेरा में रहती थी। आज सुबह उसने घर में ही आत्महत्या कर ली। परिजनों को जानकारी मिलने पर उन्होंनेआनन फानन में उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाल अनिल उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# मां अन्नपूर्णा का सत्रह दिवसीय महाव्रत हुआ आरम्भ

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** भगवती अन्नपूर्णा का 17 दिनों का महाव्रत मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष पंचमी यानी सोमवार से आरंभ हो गया,17 दिनों तक भक्त नियमित रूप से मां अन्नपूर्णा की पूजा और कथा सुनेंगे 17 साल,17 महीने और 17 दिनों के व्रत के पहले दिन श्रद्धालुओं ने मंदिर के महंत शंकर पुरी के हाथों पूजित 17 गांठ का धागा प्राप्त किया अन्नपूर्णा मंदिर में 17 दिनों के व्रत के पहले दिन भोर में सविधि 17 गांठ वाले धागे का महत शंकर पुरी की मौजूदगी में विधि विधान से पूजन कर माता की पुस्तक व धागा वितरण आरंभ हुआ माता अन्नपूर्णा के इस महावत में भक्त 17 गांठ वाला धागा धारण करते हैं इसमें महिलाएं बाएं और पुरुष दाहिने हाथ में इसे धारण करते हैं इसमें अन्न का सेवन वर्जित होता है केवल एक वक्त फलाहार किया जाता है वह भी बिना नमक का 17 दिन तक चलने वाले इस अनुष्ठान के उद्यापन के दिन 27 नवंबर को भगवृती मां अन्नपूर्णा की धान की बालियों से श्रृंगार होगा।

मां के गर्भ गृह समेत मंदिर परिसर को सजाया जाएगा और प्रसाद स्वरूप धान की बाली 28 नवंबर कों को सुबह से मंदिर बंद होने तक आम भक्तों में वितरण किया जाएगा मान्यता यह भी है कि पूर्वाचल के बहुत से किसान अपनी फसल की पहली धान की बाली मां को अर्पित करते हैं और उसी बाली को प्रसाद के रूप में दूसरी साल की फसल में मिलाते हैं वे मानते हैं कि ऐसा करने से फसल में बढ़ोतरी होती है महत शंकर पुरी ने कहा माता अन्नपूर्णा का व्रत-पूजन दैविक,भौतिक का मुख प्रदान करता है और अन्न-धन,सुख शांति की कमी जीवन पर्यंत नहीं होती है।

# समन्वय एवं क्रियान्वयन में योगदान देने वाले कर्मचारियों एवं अधिकारियों का किया उत्साहवर्धन



**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी आशीष जैन ने दस नवम्बर सोमवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के भारतेन्दु सभागार में शनिवार को बनारस रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चार वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के शुभारम्भ के अवसर पर आयोजित भव्य समारोह के सफल आयोजन के प्रबंधन,समन्वय एवं क्रियान्वयन में योगदान देने वाले कर्मचारियों एवं अधिकारियों का उत्साहवर्धन किया इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक(इन्फ्रा) अजय सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक (आपरेशन) अशोक कुमार वर्मा,सभी शाखाधिकारी एवं उक्त आयोजन में अपना अमूल्य योगदान देने वाले कर्मचारी उपस्थित थे

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा की आज हम सब यहाँ एक विशेष अवसर पर एकत्रित हुए हैं वाराणसी मंडल की टीम द्वारा हाल ही में बनारस रेलवे स्टेशन पर आयोजित प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है जिसकी सराहना स्वयं प्रधानमंत्री जी एवं रेल मंत्री जी के साथ-साथ भारतीय रेल के विभिन्न जोनों ने भी की है मैं आप सभी के प्रयासों और कड़ी मेहनत के लिए अपनी हार्दिक कृतज्ञता और सराहना व्यक्त करना चाहता हूँ

इस सफलता को हासिल करने के पीछे आप में से हर एक सदस्य का महत्वपूर्ण योगदान है यह केवल एक व्यक्ति का काम नहीं था बल्कि यह टीम वर्क,समर्पण और अटूट दृढ़ संकल्प का परिणाम है विशेष रूप से उक्त आयोजन की प्लानिंग और कार्यान्वयन के दौरान देर रात तक काम करना या चुनौतीपूर्ण समस्याओं को हल करने के लिए अभिनव दृष्टिकोण ने वास्तव में आपके जुनून और प्रतिबद्धता को दशार्या है बारीकियों पर आपका ध्यान और साफ-सफाई एवं आयोजन के उपयोग में लायी जाने वाली सामग्रियों की गुणवत्ता के प्रति आपकी प्रतिबद्धता प्रशंसनीय है।

# मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी आशीष जैन एवं मंडलीय अधिकारियों ने अतुलदीप को हॉकी टूनार्मेंट में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने पर दी बधाई

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**




**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के वाणिज्य विभाग में कार्यरत श्री अतुलदीप ने 1 नवम्बर से 8 नवम्बर 2025 तक नई दिल्ली के शिवाजी स्टेडियम में आयोजित 35वें लाल बहादुर शास्त्री हॉकी टूनामेंट में टूनामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया थो वह भारतीय रेलवे टीम के लिए खेलते हैं जिसने एयर फोर्स स्पोर्ट्स के खिलाफ रोमांचक मुकाबले के बाद चैंपियनशिप का खिताब जीता है 35वें लाल बहादुर शास्त्री हॉकी टूनामेंट का हाल ही में समापन हुआ जिसमें एक पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया जिसमें खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गयो

टूनामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार' और 'युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ी पुरस्कार' 11,000 रुपए का नकद पुरस्कार गुरुग्राम के राज कुमार यादव द्वारा प्रदान किया गया इस कार्यक्रम को एसबीआई,अमूल, कृभको,जिंदल पावर और डालमिया जैसे संगठनों द्वारा प्रायोजित किया गया थो इस प्रतियोगिता में वायु सेना हॉकी टीमों सहित बारह टीमों ने भाग लिया था।

मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी आशीष जैन एवं मंडलीय अधिकारियों ने अतुलदीप की इस उपलब्धी के लिए बधाई दी है उल्लेखनीय ही की अतुल दीप विगत नौ वर्षो से भारतीय रेलवे एवं उत्तर प्रदेश की हाकी टीम में पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल की तरफ से प्रतिभाग करते हुए लगातार मेडल प्राप्त कर रहे हैं।

# कोतवाली पुलिस ने मोबाइल चोरी करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार,चोरी की मोबाइल बरामद

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराधों की रोकथाम तथा चोरी,लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे ह्लआपरेशन चक्रव्यूहह्व अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त काशी जोन के निर्देशन में अपर पुलिस उपायुक्त काशी जोन के पर्यवेक्षण में एवं सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा थाना कोतवाली पर 19 सितम्बर 2025 को पंजीकृत मु0अ0सं0-189/2025, धारा-303(2) बीएनएस से संबधित मोबाइल (मोटोरोला कम्पनी का एन्ड्रायड फोन) जिसको अज्ञात अभियुक्त द्वारा 12 सितम्बर 2025 को मैदागिन पेट्रोल पम्प के पास से राहगीर के पाकेट से चोरी कर लिया गया था और फोन की बिक्री करने हेतु मछोदरी पार्क के पास लेकर घूम रहा था को मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त को मछोदरी पार्क से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे चोरी का मोबाइल फोन बरामद हुआ फर्द बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी किया गया तथा गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# आज बेटियाँ सुरक्षित और आत्मविश्वास से बना रही है अपना रास्ता-प्रतिभा कुशवाहा

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



**प्रतापगढ।** पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कालेज प्रतापगढ़ में मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुई। इस अवसर पर महिला आयोग की सदस्य ने कहा कि मिशन शक्ति का कार्यक्रम महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुनिश्चित करना है, यही माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मिशन शक्ति के माध्यम से प्रदेश में महिलाओं और बेटियों को वित्तीय साक्षरता और कौशल विकास के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इसके साथ ही साथ विभिन्न सरकारी विभागों के साथ सहयोग कानूनी प्रावधानों के बारे में जागरूक किया जा रहा है और अपराध व हिंसा की शिकार महिलाओं के बचाव, संरक्षण एवं पुनर्वास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि यदि कहीं भी महिलाओं और बेटियों के शिकायतों की सुनवाई नहीं हो पा रही है तो हमारे पास लिखित रूप में या आनलाइन दे सकती है जिस पर त्वरित कार्यवाही की जायेगी। आज की बेटियॉ सुरक्षित हैं और आत्मविश्वास से अपना रास्ता बना रही हैं।

जागरूकता कार्यक्रम में जनजाति गौरव पखवाड़ा के अंतर्गत छात्राओं ने थारू जनजाति का लोक नृत्य भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में प्रधानाचार्य गीता यादव ने आये हुये अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य डा0 मोहम्मद अनीस, ब्लाक प्रमुख कौशांबी नेवादा संदीप मिश्रा, राष्ट्रीय अध्यक्ष मौर्य समाज राम अचल मौर्य सहित अभिषेक द्विवेदी, जया यादव, प्रिया, वंदना, आनंद शुक्ला, सविता सिंह एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होनें अस्पताल में मरीजों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके उपरान्त महिला आयोग की सदस्य ने जिला महिला चिकित्सालय में आयोजित नवजीवन उत्सव-माँ और शिशु सम्मान समारोह कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। उन्होने इस दौरान अस्पताल में बच्चे को जन्म देने वाली महिलाओं क्रमशः आरती पाण्डेय, रीता मौर्या, रूकसार बानो,

# डीपीएस मोदीनगर के पाँच दिवसीय टैलेंट कार्निवल का रंगारंग शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**। दिल्ली पब्लिक स्कूल, मोदीनगर में सोमवार से छह दिवसीय टैलेंट कार्निवल का भव्य शुभारंभ हुआ। टैलेंट कार्निवल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि रचनात्मकता, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति का उत्सव है। यह आयोजन विद्यार्थियों की कल्पना शक्ति को पंख देता है और उन्हें अपनी कला, खेल और ज्ञान के माध्यम से स्वयं को पहचानने का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आशीष कुमार मिश्रा, सहायक प्रोफेसर, कला विभाग, (सुभारती विश्वविद्यालय) उपस्थित रहे।

इस अवसर पर डीपीएस के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी एवं ट्रस्टी श्रीमती अनीशा गांधी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसने ज्ञान, सृजनशीलता और ऊर्जा के प्रसार का प्रतीक प्रस्तुत किया। पहले दिन आयोजित प्रतियोगिता का विषय था स्प्लैश ऑफ इन्फिनिटी, जिसमें छात्रों ने अपनी कल्पनाशक्ति और रचनात्मकता का अनूठा प्रदर्शन किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विविध प्रकार की कला विधाओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्रों ने मोजेक आर्ट, मास्क आर्ट, स्टोन पेंटिंग, लीफ आर्ट, डायोरामा आर्ट, थीम-आधारित कैनवास आर्ट, डूडल/स्केचिंग आर्ट तथा पॉप-अप बॉक्स निर्माण जैसी प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लिया।

विद्यालय परिसर विद्यार्थियों की रचनात्मकता से सजा हुआ था। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों की कला, कल्पना और मेहनत की सराहना की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि श्री आशीष कुमार मिश्रा ने रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़कर कार्निवल की भव्य शुरूआत की जिसने उत्साह और नयापन का प्रतीक बनते हुए आकाश में रंगों की आभा फैलाई। यह क्षण विद्यार्थियों की कल्पनाओं और सपनों की ऊँचाईयों की ओर उड़ान भरने का प्रतीक था। उन्होनें अपने संबोधन में कहा कि डीपीएस के विद्यार्थी अपनी कला और कल्पना से यह सिद्ध कर रहे हैं कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भावनाओं और अनुभवों की अभिव्यक्ति भी है। चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी ने कहा कि कला अभिव्यक्ति का सबसे सुंदर माध्यम है, जो हमारे भीतर छिपी संवेदनाओं को उजागर करती है। विद्यार्थियों की प्रतिभा देखकर मुझे गर्व की अनुभूति हो रही है। ट्रस्टी श्रीमती अनीशा गांधी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। हमें गर्व है कि डीपीएस मोदीनगर के विद्यार्थी हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहे हैं। प्रधानाचार्या डॉ ज्योति सिरोही ने अपने उद्बोधन में कहा कि टैलेंट कार्निवल का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करना है। हमारी कोशिश है कि हर विद्यार्थी अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार आगे बढ़े। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के हैडमास्टर श्री अंकित गालयान के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अध्यापकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सामाजिक संस्था सर्वधर्म सभा द्वारा दो निर्धन कन्याओं का विवाह संस्कार सम्पन्न कराया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**। मोदीनगर की जानी मानी सामाजिक संस्था सर्वधर्म सभा द्वारा छतरी वाले शिव मंदिर में दो निर्धन कन्याओं का विवाह संस्कार सम्पन्न कराया गया। सामाजिक संस्था सर्वधर्म सभा की स्थापना मोदीनगर के प्रमुख उद्योगपति और समाजसेवी मोदीनगर रत्न स्व. सतीश कुमार गुप्ता जी ने 1999 में की थी। तब से ही यह संस्था समाज-कल्याण के विभिन्न कार्यों में जुटी है। सर्वधर्म सभा के संरक्षक संदीप गुप्ता और वरिष्ठ कार्यकर्ता - डॉ. आशाराम गुप्ता ने संयुक्त रूप से बताया की सभा सुयोग्य गरीब कन्याओं का विवाह- आवेदन प्राप्त होने के उपरान्त कन्या के परिवार को जाँच परख कर करती है। ह्लयह संस्था द्वारा कराया गया 87वाँ एवम्-88वाँ विवाह संस्कार हैं ह्ल सैद्धांतिक रूप से यह विवाह संस्कार बिना किसी दान-दहेज के सम्पन्न कराया जाता है, मगर फिर भी संस्था द्वारा घरेलु उपयोग का कुछ जरूरी सामान उपहार स्वरुप विदाई के समय दिया जाता है। यह कार्य समाज के सभी लोगों की भागीदारी के द्वारा ही सम्पन्न होता है। इसमें कोई भी इच्छुक व्यक्ति अपनी सेवाएं किसी भी रूप में दे सकता है। नवयुगल दम्पति को आशीर्वाद देने वालों में भूतपूर्व राज्य मंत्री राम किशोर अग्रवाल जी, विधायक श्रीमती मंजू शिवाच, मंजीत चैधरी, संतोष अरोड़ा, जगरानी गौतम, बसंत शर्मा, रूप चंद शर्मा, प्रमोद कुमार गुप्ता, नरेश अग्रवाल, महेन्द्र पंत, सुरेन्द्र गुप्ता, बालक राम कश्यप, महेन्द्र शर्मा, सहस्त्र पाल सिंह, वेद प्रकाश गुप्ता, लाजपत राय बंसल, दिनेश चंद्र शर्मा, विजय, योगेन्द्र अग्रवाल, अभिनव पाराशर सहित शहर के अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे।

# कृष्णा रूहेला के नेतृत्व में समाज की एकता एवं प्रगति पर हुआ मंथन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**। समाज के सर्वांगीण विकास,एकता और उत्थान के उद्देश्य से रूहेला राजपूत सभा का आयोजन ओम साई, संतपुरा स्थित कृष्णा रूहेला के निवास पर उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ।इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता श्रीनिवास रूहेला ने की तथा नेतृत्व कृष्णा रूहेला द्वारा किया गया।सभा में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं और गणमान्य सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और समाज की प्रगति, एकता एवं संगठन से संबंधित अनेक विषयों पर विचार-विमर्श किया।

बैठक के दौरान अवधेश रूहेला ने शिक्षा, रोजगार, सामाजिक एकजुटता और युवाओं को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ने जैसे मुद्दों पर विशेष रूप से अपने विचार रखे।उन्होंने कहा कि समाज का सशक्त भविष्य तभी संभव है जब युवा शिक्षा और संगठन दोनों के प्रति समर्पित होकर कार्य करें। सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने एक स्वर में समाज की एकजुटता, सतत विकास और सामूहिक प्रगति के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान कई रचनात्मक सुझाव और योजनाएँ भी प्रस्तुत की गईं, जिन पर आगे अमल करने का निर्णय लिया गया।सभा के समापन पर कृष्णा रूहेला ने सभी उपस्थित आगंतुकों,समाजसेवियों एवं युवाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा सभा में यह भी निर्णय लिया गया कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों शिक्षा, रोजगार, युवा सशक्तिकरण और सामाजिक सहयोग में ठोस कार्य योजनाएँ बनाकर शीघ्र अमल किया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए रूहेला समाज और अधिक संगठित एवं सशक्त बन सके। रूहेला समाज की उन्नति और सम्मान तभी संभव है जब हम सब एकजुट होकर शिक्षा, संगठन और सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ें। समाज का हर सदस्य परिवर्तन का भागीदार बने यही हमारा लक्ष्य है।सभा का समापन समाज की एकता, संगठन और सतत उत्थान के संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर समाज के सैकड़ों रूहेला बंधु उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से श्रीनिवास रूहेला, रामनिवास रूहेला, अवधेश रूहेला, कृष्णा रूहेला, नरेश रूहेला, शिवकुमार रूहेला, ईश्वर रूहेला, सोनू रूहेला, गौरव रूहेला, नीरज रूहेला, अजय रूहेला, दीपक रूहेला, विपिन रूहेला, मनोज रूहेला, संजय रूहेला, अक्ष रूहेला, पार्थ रूहेला, ध्रुव रूहेला, सुनील रूहेला, पवन रूहेला, अनुज रूहेला, नितिन रूहेला, चीकू रूहेला, अमन रूहेला, कुलदीप रूहेला, सचिन रूहेला, दिनेश रूहेला सहित अनेक समाजसेवी और युवा साथी मौजूद रहे।

# जूनियर राष्ट्रीय शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का समापन




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद, (अनिल वशिष्ठ)**। 44 वी जूनियर राष्ट्रीय शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का समापन एच आर आई टी यूनिवर्सिटी गाजियाबाद में संपन्न हुआ। बालक वर्ग के फाइनल में पंजाब ने हरियाणा को 21-14, 21-12 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। हरियाणा दूसरे और उत्तर प्रदेश तीसरे स्थान पर रहे। शूटिंग बॉल एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रमुख ने बताया कि इसी प्रकार बालिका वर्ग में महाराष्ट्र ने उत्तर प्रदेश को 21-18, 21-11 से हराकर बालिका वर्ग का खिताब जीता। महाराष्ट्र पहले तथा उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर रहे। राजस्थान टीम तीसरे स्थान पर रही। बालक एवं बालिका वर्ग में विजेता टीम को रुपए 31000/ व ट्रॉफी, उपविजेता टीम को रुपए 21000/ ट्रॉफी तथा तीसरे स्थान पर आने वाली टीम को रुपए 11000/ व ट्रॉफी प्रदान की गई। बालक वर्ग में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ जूनियर खिलाड़ी का खिताब पंजाब के अरमान मेहता को दिया गया। उन्हें रुपए 31000/ प्रदान किए गए। इसी तरह बालिका वर्ग में वर्ष की सर्वश्रेष्ठ जूनियर खिलाड़ी का खिताब प्रदनया गाडख (महाराष्ट्र) को चुना गया। उनको भी रुपए 31000/प्रदान किए गए। इंटरनेशनल शूटिंग बॉल फेडरेशन के फाउंडर चौधरी धर्मपाल सिंह ने स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को पुरस्कार प्रदान किया। शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव जीत राज तोमर ने सभी का आभार व्यक्त किया। शूटिंग बॉल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष श्री अजय पाल प्रमुख ने विजेता टीमों को अपनी शुभकामनाएं दी। 44 वी जूनियर राष्ट्रीय शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# सहज योग द्वारा आत्मसाक्षात्कार भजन एवं का कार्यक्रम आयोजित



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**। मोदीपोन कॉलोनी, मोदीनगर में सहज योग द्वारा भजन एवं आत्मसाक्षात्कार का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः प्रभात फेरी से हुई, जो कावेरी कॉलोनी, आलोक पार्क एवं मोदीपोन कॉलोनी के विभिन्न मार्गों से होकर निकली। भजन संध्या का आयोजन दोपहर 3 बजे आरंभ हुआ, जिसमें सहज योग के अंतरराष्ट्रीय भजन गायक श्री दीपक वर्मा एवं श्री मुखराम जी अपनी टीम सहित उपस्थित रहे। भजनों के पश्चात सायं 4 बजे आत्मसाक्षात्कार सत्र आयोजित किया गया, जिसमें अनेक साधकों ने कुण्डलिनी जागरण एवं आत्मसाक्षात्कार का अनुभव प्राप्त किया।

सहज योग -एक अभिनव योग- आत्मसाक्षात्कार या आत्मज्ञान सभी मानवीय उत्थान और सभी धर्मों का एकमात्र लक्ष्य है। यह मानव विकास का अंतिम चरण है जिसे प्राप्त करने के लिए एक सम्पूर्ण व्यवस्था हमारी रीढ़ की हड्डी और मस्तिष्क में पहले से ही विद्यमान है। यह कुण्डलिनी शक्ति रीढ़ की हड्डी के अंत में स्थित एक त्रिकोणाकार अस्थि में साढ़े तीन कुंडल के आकार में विद्यमान है। सहज योग द्वारा इस कुण्डलिनी शक्ति को जागृत कर के साधक परमात्मा की सर्वव्यापी शक्ति से जुड़ सकता है। प० पू० श्री माताजी निर्मला देवी द्वारा बतलाए सहज योग द्वारा आत्म-साक्षात्कार पाने के बाद साधक का परमेश्वरी शक्ति के साथ संबंध बन जाता है, और साधक अपनी हथेलियों पर और सिर के तालू भाग पर शीतल लहरियों का अनुभव करता है। इन्हीं शीतल लहरियों को आदि शंकराचार्य ने सलीलम सलीलम कहा है, बाइबल में श्कूल ब्रीजष और कुरान में रूह कहा गया है। सहज योग में इन्हें चैतन्य लहरियाँ कहा जाता है। नियमित ध्यान धारणा द्वारा श्योगश पूर्ण प्रस्थापित होने के बाद साधक परमशांति का अनुभव प्राप्त कर सकता है, तथा अन्य नए साधकों को भी चैतन्य लहरियों की अनुभूति करा सकता है। प० पू० श्री माताजी निर्मला देवी के आशीर्वाद से सम्पूर्ण विश्व में १३० से भी अधिक देशों में सहजयोग का कार्य चल रहा है।

## बिना ओटीपी आए खाते से निकले 3.52 लाख रुपए

**मोदीनगर**। कोतवाली क्षेत्र में अंतर्गत संजीवनी स्टेट कॉलोनी निवासी अधिवक्ता विनोद कुमार के मोबाइल पर बिना मैसेज आए खाते से 3.52 लाख रुपये निकल गए। सहायक पुलिस आयुक्त से शिकायत कर पीड़ित ने बैंक कर्मियों पर मिलीभगत का आरोप लगाया है। इस संबंध में कोतवाली में तहरीर दी गई है। जानकारी के मुताबिक संजीवनी स्टेट कॉलोनी निवासी विनोद कुमार अधिवक्ता है और मोदीनगर तहसील में प्रैक्टिस करते है। विनोद कुमार ने बताया कि उनके बैंक खाते से एक से चार नवंबर के बीच लगभग 3.52 लाख रुपये की निकासी हुई है। जबकि इस निकासी के बारे में कोई जानकारी नहीं है। इतना ही नहीं निकासी संबंधित ना कोई मैसेज उनके मोबाइल फोन आया। किसी तरह की ओटीपी भी नहीं मिली थी। अधिवक्ता ने बैंक कर्मियों पर खाते से रुपये निकालने का आरोप लगाया है। सहायक पुलिस आयुक्त ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# कॉलोनियों में बंदरों का आतंक कई लोगों को काटकर किया घायल

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**। नगर की कई कॉलोनी में आए दिन बंदरों द्वारा लोगों को काटकर घायल करने का आतंक बराबर जारी है। पिछले दो-तीन दिन में एक दर्जन से भी अधिक लोगों को बंदरों ने काट कर घायल कर दिया है। जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। सोमवार को विजयनगर निवासी राष्ट्रीय लोक दल पश्चिम उत्तर प्रदेश के प्रदेश सचिव राम भरोसे लाल मौर्य के सुपुत्र अजीत सिंह किसी कार्य से तेल मिल कॉलोनी क्षेत्र में गए थे। इस दौरान पीछे से अचानक बंदरों ने हमला बोल दिया और उन्हें बुरी तरह काटकर घायल कर दिया। इसके अलावा संतपुरा गली नंबर आठ निवासी श्रीमती



कुसुम पत्नी देवेंद्र कुमार शर्मा को सोमवार को बंदर द्वारा उनको घायल कर दिया। इसके बाद उन्हें सरकारी अस्पताल मोदीनगर लाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। नगर के



लोगों ने प्रशासन और नगर पालिका से पागल बंदरों को पकड़ने के लिए युद्ध स्तर पर अभियान चलाने की मांग की है ताकि शहर के लोगों को बंदरों से बचाया जा सके।

## सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित

**नगीना**। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान से सम्बद्ध सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया, कार्यक्रम संयोजिका मृदुला शर्मा ने कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत कर इसके महत्व पर प्रकाश डाला। डॉक्टर ललिता वर्मा के मुख्य अतिथित्य व रितु गर्ग की अध्यक्षता तथा प्रतिभा चक्रवर्ती के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में फूलमाला वर्मा ने अपने संबोधन में भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका के विषय में विस्तार से जानकारी दी, रजनी टॉक ने कुटुम्ब एवं पर्यावरण के संबंध में भारतीय दृष्टि की चर्चा की , कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं द्वारा रानी लक्ष्मीबाई , रानी अहिल्याबाई होलकर , रानी जीजाबाई , डॉ आनंदी बाई जोशी की सुंदर झाकियां प्रस्तुत की गई।

# मां बेटे ने खाया जहर , मां की मौत बेटे की हालत गंभीर

वेलकम इंडिया महमूद रजा

**बिजनौर**। मंडावर क्षेत्र के एक गांव में एक महिला ने गृह क्लेश के चलते अपने आठ वर्षीय बेटे के साथ जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया हालत बिगड़ने पर परिजनों ने महिला व बच्चे को बिजनौर के एक निजी अस्पताल मे भर्ती कराया। जहा उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। रविवार की सुबह गांव मोहंडिया निवासी लक्ष्मी पत्नी मोनू ने गृह क्लेश के चलते अपने आठ वर्षीय बेटे वासु के साथ जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने मां बेटे को बिजनौर के एक निजी अस्पताल मे भर्ती कराया जहा उपचार के दौरान लक्ष्मी की मौत हो गई जबकि बेटे की हालात गंभीर बनी हुई है। आठ माह पूर्व लक्ष्मी के पति मोनू ने भी गृह क्लेश के कारण जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली थी। मोनू की मौत के बाद लक्ष्मी अपने तीनो बच्चो वाशु, लक्ष्य, व बेटी गुन्नू के साथ



अपने ससुर जयप्रकाश के साथ रहती थी। थाना अध्यक्ष सुमित राठी ने बताया की महिला की मौत हो गई थी, जबकि उसके पुत्र वाशु का उपचार चल रहा है।

आठ माह पहले पति ने भी दे दी थी जानः आठ माह पहले पति ने भी जहर खाकर अपनी जान दे दी थी। आठ महीने पहले लक्ष्मी के पति मोनू कुमार ने भी परिवार



में गृह क्लेश के चलते जहर खाकर जान दे दी थी जिसमें लक्ष्मी अपने बच्चों के साथ रहकर अपने बच्चों का लालन-पालन कर रही थी और घर की स्थिति भी कमजोर थी। फरद में जमीन का पता होने पर शुरू हो गया था विवाद

मडावर। ग्रामीणों ने बताया कि फरद में जमीन का दाखिल खारिज का पता होने पर घर में विवाद शुरू हो गया था। उन्होंने बताया कि पति की मौत के बाद महिला के ससूर जयप्रकाश ने बहकावे में आकर तीन बीघा जमीन अपनी दोनों विवाहित बेटियों के नाम कर दी थी। इसी बात को लेकर घर में विवाद चल रहा था, लक्ष्मी तीन दिन पहले एक जनसेवा केंद्र पर गयी जहा उसे पता चला कि तीन बिघा जमीन उसकी दोनों विवाहित ननदो के नाम है। इसी कारण पारिवारिक कलह से तंग आकर महिला ने अपने बेटे के साथ जहर खाया मायके वालों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। वही लक्ष्मी के ससूर की मानसिक स्थिति पुरी तरह ठीक नही थी, इधर उधर घुमता रहता था। और जहा भी देखता वही पर भोजन कर लेता था, जिसमें वह किसी के बहकावे में आ गया और अपनी तीन बीघा जमीन दोनों विवाहित बेटियों के नाम कर दी लक्ष्मी ने एक गाय पाल रखी थी जिससे वह उसका दुध बेचकर बच्चों का लालन-पालन करती थी।

# नजीबाबाद पहुंचे फिल्म स्टार बॉबी देओल, उमड़ी भीड़

वेलकम इंडिया महमूदरजा

**बिजनौर**। नजीबाबाद फिल्म स्टार बाबी देवल बीती रात्रि एक शादी समारोह में शिरकत करने पहुंचे। लोगों को बाबी देवल का मालूम होते ही भारी भीड़ जमा हो गई। नौजवानों ने सेल्फी लेना शुरू कर दिया। अफरा तफरी के बीच में वह समारोह में रुक नहीं सके। दूल्हा दुल्हन को आशीर्वाद देकर वापस लौट गए।



आपको बता दें कि मोहल्ला पठानपुरा निवासी शकील कुरेशी के बेटे शाहरुख कुरेशी मेकअप आर्टिस्ट की शादी समारोह में शिरकत करने बीती रात्रि एक होटल फिल्म स्टार बोबी देवल पहुंचे। उनके पहुंचते ही शादी समारोह में लोगों ने उन्हें घेर लिया नौजवानों ने सेल्फी लेनी शुरू कर दी। अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। जिस कारण वह समारोह में ज्यादा देर नहीं रुक सके और दूल्हा दुल्हन को आशीर्वाद देकर वापस लौट गए। उनका आना चर्चा का विषय बना हुआ है सोशल मीडिया पर उनकी वीडियो खूब वायरल हो रही है।

# 23 से 25 दिसम्बर तक होगा सांसद एवं विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता लोकसभा सांसद श्री अतुल गर्ग ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी सांसद एवं विधायक खेल स्पर्धा के सुचारू एवं भव्य आयोजन की रूपरेखा तय करना था। इस बैठक में जिला प्रशासन, खेल विभाग तथा शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि इस खेल स्पर्धा का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना का विकास करना और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि खिलाडि ?ों के पंजीकरण की प्रक्रिया को व्यवस्थित और पारदर्शी बनाया जाए, ताकि अधिक से अधिक प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि खेल मैदानों पर सभी आवश्यक सुविधाएं जैसे पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा, शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था एवं विश्राम स्थलों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सांसद गर्ग ने बताया कि जनपद स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन 23, 24 एवं 25 दिसम्बर को महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन जनपद के सभी विधानसभा क्षेत्रों में हो रही मा0 विधायक खेल स्पधाओं के बाद होगा। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में खेल स्पर्धा की तिथियों का निर्धारण शीघ्र कर लिया जाए, ताकि जिला स्तरीय आयोजन से पहले सभी चरण पूरे किए जा सकें। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के विधायकों से संपर्क स्थापित कर आयोजन स्थल एवं तिथि का निर्धारण शीघ्र करें। उन्होंने यह भी कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि आयोजन में किसी प्रकार की कमी न रहे। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी श्री ऋषि कुमार और जिला विद्यालय निरीक्षक श्री धर्मेंद्र को निर्देशित किया गया कि वे निर्धारित स्थलों का भ्रमण कर खेल प्रतियोगिताओं से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी लें। साथ ही जनपद के सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं खेल प्रशिक्षकों से संपर्क कर प्रतिभाग सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिला क्रीड़ा अधिकारी, एनसीसी कार्यकारी अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी लोनी, स्काउट गाइड कार्यकारी अधिकारी, सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी (प्रभारी), नगर पालिका परिषद खोड़ा के अधिशासी अधिकारी सहित अनेक विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के समापन पर सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि यह खेल स्पर्धा न केवल खिलाडियों के लिए एक मंच साबित होगी, बल्कि गाजियाबाद के गौरव को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। उन्होंने सभी विभागों से अपील की कि वे मिलजुलकर इस आयोजन को यादगार और अनुकरणीय बनाएं। यह खेल स्पर्धा जनपद के खेल प्रेमियों, खिलाडि ?ों और युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर होगी, जो उनके कौशल, अनुशासन और टीम भावना को बढ़ावा देगी। 23 से 25 दिसम्बर तक महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में होने वाला यह आयोजन खेल प्रतिभाओं का संगम बनने जा रहा है, जिसकी तैयारियां जिला प्रशासन ने युद्ध स्तर पर प्रारंभ कर दी हैं।

# दिल्ली में घटित कार विस्फोट को दृष्टिगत रखते हुए अग्निशमन विभाग अलर्ट मोड पर



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आज शाम को दिल्ली में हुए कार विस्फोट व उससे उत्पन्न स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए अपर पुलिस महानिदेशक अग्निशमन व आपात सेवा श्रीमती पद्मजा चौहान के द्वारा समूचे उत्तर प्रदेश में अग्निशमन विभाग को हाई अलर्ट मोड पर रखें जाने के निर्देश दिए गए हैं, साथ ही साथ सभी अधिकारियो और कर्मचारियों को पूर्ण तैयारी व कमरबंदी की दशा में रखते हुए संवेदनशील स्थानों व प्रतिष्ठानों पर पुलिस व प्रशासन से सम्पर्क व समन्वय बनाये रखते हुए उच्च स्तर की सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिए गए हैं, जिसके क्रम में समूचे उत्तर प्रदेश में अग्निशमन विभाग द्वारा भी अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा हैं ।

# शिकायतों का निष्पक्ष निस्तारण ही प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता: जिलाधिकारी



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में नियमित जनसुनवाई का आयोजन किया गया। प्रतिदिन की तरह आज भी बड़ी संख्या में प्रार्थी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जनसुनवाई में नगर निगम, पुलिस विभाग, जीडीए, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने सभी प्रार्थियों की बातों को धैर्यपूर्वक सुना और तत्काल आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। जिलाधिकारी माँदड़ ने उपस्थित प्रार्थियों को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दी गई सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई प्रशासन और जनता के बीच संवाद का सबसे प्रभावी माध्यम है, इसलिए इसमें प्राप्त हर शिकायत को गंभीरता से लेकर समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों में स्थलीय निरीक्षण आवश्यक है, उनमें अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर जांच करें और निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से फीडबैक अवश्य प्राप्त करें, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि समस्या का समाधान सही तरीके से हुआ है।

जनसुनवाई के दौरान एक शिकायत ग्राम डासना, परगना डासना, तहसील एवं जिला गाजियाबाद से संबंधित आई, जिसमें खसरा संख्या 1382 एवं 1383 की चकमार्ग / चकरोड एवं सरकारी नाली की भूमि पर अवैध कब्जे की बात कही गई थी। शिकायत पर जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विवादित भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाए और आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाए। जिलाधिकारी माँदड़ ने कहा कि जनपद में किसी भी भू-माफिया, भ्रष्टाचारी या धोखाधड़ी करने वाले व्यक्ति को किसी भी प्रकार की रियायत नहीं दी जाएगी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में डीएलसी बैठक सम्पन्न

वेलकम इंडिया



**लगभग 45 करोड़ रुपये के प्रस्ताव स्वीकृत**

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में सोमवार को जनपद स्तरीय समिति (डीएलसी) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेजेके) के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विभागों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों की समीक्षा और अनुमोदन था। बैठक में लगभग 45.00 करोड़ रुपये के नए विकास प्रस्तावों को समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में विधायक मोदीनगर मन्जू शिवाच, सांसद अतुल गर्ग के प्रतिनिधि, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी साहित्य निकष सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी साहित्य निकष सिंह ने की, जिन्होंने समिति को पूर्व में पूर्ण की गई परियोजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इसके उपरांत उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 के नए प्रस्ताव समिति के समक्ष रखे, जिनमें स्वास्थ्य, युवा कल्याण, तथा खेल विभाग की कई महत्त्वपूर्ण योजनाएं शामिल थीं।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विकास खण्ड भोजपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण का प्रस्ताव रखा गया, जिसकी अनुमानित लागत 1225.89 लाख रुपये है। इसी प्रकार युवा कल्याण विभाग द्वारा विकास खण्ड मुरादनगर के पतला में ग्रामीण स्टेडियम में मल्टीपरपज हॉल (लागत 492.00 लाख रुपये), विकास खण्ड लोनी के ग्राम पंचायत भनेड़ा खुर्द में मिनी स्टेडियम (लागत 962.00 लाख रुपये), विकास खण्ड रजापुर के अटौर नगला में मल्टीपरपज हॉल (लागत 492.00 लाख रुपये), विकास खण्ड रजापुर के ग्राम पंचायत मसूरी में मिनी स्टेडियम (लागत 920.00 लाख रुपये), और विकास खण्ड भोजपुर के ग्राम पंचायत त्यौडी में मिनी स्टेडियम (लागत 425.00 लाख रुपये) का प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। सभी प्रस्तावों को समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

# चरक अवॉर्ड से नवाजा गया आई.टी.एस- देश का सर्वश्रेष्ठ दंत संस्थान घोषित

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आई.टी.एस सेंटर फॉर डेंटल स्टडीज एंड रिसर्च ने एक बार फिर शिक्षा जगत में अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए एक नई उपलब्धि अपने नाम की है। संस्थान को इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आई.डी.ए.) द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में असाधारण योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'चरक अवॉर्ड फॉर बेस्ट डेंटल इंस्टीट्यूशन के राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। यह भव्य समारोह जियो वर्ल्ड सेंटर, मुंबई में आयोजित हुआ, जहां चिली के माननीय महावाणिज्यदूत गुस्तावो गोंजालेज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर देश के शिक्षा, चिकित्सा और उद्योग जगत से जुड़ी कई प्रतिष्ठित हस्तियाँ भी मौजूद रहीं। समारोह के दौरान आई.टी.एस संस्थान के नवाचार, अनुसंधान कार्य, उत्कृष्ट शिक्षण प्रणाली और समाजसेवा के प्रयासों की सराहना की गई। आई.टी.एस - द एजुकेशन ग्रुप ने अपनी गुणवत्ता, अनुशासन और आधुनिक शिक्षण पद्धति के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान बनाई है। समूह के उपाध्यक्ष श्री अर्पित चड्ढा के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी सोच ने संस्थान को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। उन्होंने छात्रों के लिए विश्वस्तरीय प्रयोगशालाएँ, आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित क्लीनिक और अनुसंधान के उत्कृष्ट अवसर प्रदान किए हैं, जिसके कारण आज आई.टी.एस भारत के अग्रणी और विश्वसनीय संस्थानों में शुमार है।

# डंपिंग ग्राउंड के साए में खड़ा इंदिरापुरम विस्तार- बिल्डरों ने जीडीए से मांगा न्याय

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** ट्रांस हिंडन क्षेत्र के बिल्डरों का एक प्रतिनिधिमंडल ट्रांस हिंडन बिल्डर वेलफेयर एसोसिएशन के चेयरमैन प्रदीप गुप्ता के नेतृत्व में सोमवार को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के नए उपाध्यक्ष नंदकिशोर कलाल से मिला। इस दौरान बिल्डरों ने उपाध्यक्ष का फूलों के बुके से स्वागत करते हुए उन्हें जीडीए का कार्यभार संभालने पर शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। मुलाकात के दौरान प्रमुख रूप से चंद्रजीत पाठक, के.एस. उप्पल, हिमांशु उप्पल, भंवर सिंह बढ़ाना, रवि चौधरी, राहुल अग्रवाल, राज अग्रवाल और अंकित सिंह सहित कई बिल्डर उपस्थित रहे। सभी बिल्डरों ने मिलकर इंदिरापुरम विस्तार योजना में आवंटित प्लॉटों के समीप फैले डंपिंग ग्राउंड की समस्या को प्रमुखता से उठाया। चेयरमैन प्रदीप गुप्ता ने बताया कि जीडीए ने इंदिरापुरम विस्तार योजना के तहत नीलामी प्रक्रिया द्वारा बिल्डरों को प्लॉट आवंटित किए, जिनसे प्राधिकरण ने करोड़ों रुपये का राजस्व अर्जित किया। इन प्लॉटों का मूल्य भी क्षेत्र के अन्य हिस्सों की तुलना में कहीं अधिक, ?2,04,000 प्रति वर्ग मीटर रखा गया था- जबकि इन प्लॉटों के पीछे ही इंदिरापुरम का श्मशान घाट और कूड़ा डंपिंग क्षेत्र स्थित है।

# कौशांबी में स्वच्छता अभियान को नई दिशा- शुरू हुआ गीले कूड़े से खाद बनाने का अभियान

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कौशांबी क्षेत्र में स्वच्छता की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए इंडियन पॉल्यूशन कंट्रोल्स संगठन द्वारा एस.ओ.आर.टी. योजना के तहत आधुनिक एरोबिन प्रणाली की स्थापना की गई। इस कार्यक्रम के तहत कैलाश टावर और त्रिशूल टावर में सोमवार को पांच अत्याधुनिक एरोबिन का शुभारंभ भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के शुभारंभ पर डॉ. गोयल ने कहा कि गीले कूड़े के वैज्ञानिक निस्तारण की दिशा में यह एरोबिन प्रणाली एक बड़ा कदम है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे नगर निगम के स्वच्छता अभियान में सहयोग करें, पॉलिथीन का प्रयोग बंद करें और कचरे को गीला एवं सूखा अलग-अलग डालने की आदत डालें। डॉ. गोयल ने कहा कि कौशांबी में आवारा पशु एक बड़ी समस्या बन चुके हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अनुरोध किया कि गायों को रोटी खिलाने की धार्मिक भावना का सम्मान रखते हुए सड़कों पर खाना न फेंकें, क्योंकि इससे न केवल गंदगी फैलती है बल्कि दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी धार्मिक भावनाओं को स्वच्छता और जिम्मेदारी के साथ जोडा होगा, तभी हम वास्तव में एक स्वच्छ और सुरक्षित समाज बना सकेंगे।

# लाल किला में बम ब्लास्ट , बोर्डर से सटे हुए सभी जिलों में हाई अलर्ट जारी, गाजियाबाद रेलवे पर चेकिंग अभियान तेज

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** देश की राजधानी दिल्ली सोमवार शाम एक भयावह धमाके से दहल उठी. लाल किले के पास स्थित मेट्रो स्टेशन के बाहर खड़ी कई गाड़ियां विस्फोट की चपेट में आ गईं. धमाका इतना जबरदस्त था कि कई वाहनों में आग लग गई और आसपास के इलाके में भगदड़ मच गई. पुलिस, फायर ब्रिगेड और एनएसजी की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और राहत एवं जांच कार्य में जुट गईं. शुरूआती रिपोर्टों के मुताबिक, नौ लोगों की मौत और कई के घायल होने की पुष्टि हुई। दिल्ली से सटे गाजियाबाद में धमाके के बाद से पुलिस ने पूरे जिले में हाई अलर्ट घोषित कर दिया है. गाजियाबाद पुलिस ने बॉर्डर इलाकों, गाजीपुर, आनंद विहार और लोनी बॉर्डर, पर सघन चेकिंग शुरू कर दी है. हर वाहन की स्क्रीनिंग की जा रही है. पुलिसकर्मी ड्राइवर की आईडी, यात्रियों की पहचान और गाड़ियों के दस्तावेजों की बारीकी से जांच कर रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए गाजियाबाद पुलिस ने बम स्क्वायड और डॉग स्क्वायड टीमों को भी अलर्ट कर दिया है. शहर के मॉल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और भीड़भाड़ वाले बाजारों में सर्च अभियान चलाया जा रहा है. हर कोने-कोने में संदिग्ध वस्तुओं की जांच की जा रही है. पुलिस ने सभी मॉल संचालकों और दुकानदारों को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। गाजियाबाद पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना तुरंत पुलिस को दें. साथ ही लोगों से यह भी कहा गया है कि सोशल मीडिया पर किसी तरह की अफवाह या भ्रम फैलाने से बचें. पुलिस ने स्पष्ट किया है कि किसी भी भ्रामक सूचना को साझा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गाजियाबाद के एडिशनल पुलिस कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है. पुलिस की टीमें बॉर्डर, मॉल और भीड़भाड़ वाले इलाकों में तैनात हैं. उन्होंने नागरिकों से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें, शांति बनाए रखें और पुलिस की मदद करें।

धमाके के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने साफ कर दिया है कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. पुलिस, खुफिया एजेंसियों और बम निरोधक दस्तों के बीच समन्वय को और मजबूत किया गया है ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते रोका जा सके।



